बाबू जुगलकिशोरजी मुख्तार को

[illegible] प्रकाशक की तरफ से भेंट

ता० २।१।४६

पण्डितप्रवर श्रीआशाधर विरचित

प्रतिष्ठासारोद्धार

संक्षिप्त हिंदी भाषाटीकासहित ।

जिसको

पाढमनिवासी पं० मनोहरलाल शास्त्रीने तयारकर अपने

श्रीजैनग्रंथ-उद्धारक कार्यालय द्वारा

प्रकाशित किया ।

प्रथमवार
१००० प्रति ।

वि० संवत् १९७४.

न्यौछावर गत्ते-
सहित १॥।) रु०
कपड़ेकी जिल्द २) रु०

ॐ नमः परमेष्ठिभ्यः

प्रस्तावना।

प्रिय पाठकगण! अब मैं श्री जिनेंद्रदेवकी कृपासे उस अपूर्व ग्रंथ **प्रतिष्ठासारोद्धार**को भाषाटीकासहित बनाके आपके सामने उपस्थित करता हूं कि जिसकेलिये आप सब साधर्मीगण उत्कंठित होरहे थे। गृहस्थ श्रावकोंका देवपूजा करना नित्य कर्मोंमेंसे पहला कर्तव्य कहा है, उसकेलिये जिनदेवकी प्रतिमा तथा मंदिरकी स्थापना होना बहुत आवश्यक है। उसी स्थापनाकी पंचकल्याणक आदि विधियां इस महान ग्रंथमें स्पष्ट रीतिसे वर्णनकी गई हैं। इसका फल ग्रंथकारने स्वयं दिखलाया है कि पहले महाराज **भरत**चक्रवर्ती आदि महान पुरुष भी इसी जिन प्रतिष्ठाके करनेसे निराकुल मोक्षसुखको प्राप्त हुए हैं। परंतु कालकी कुटिलगतिसे आजकल बहुत कुछ विपरीतपना फैल गया है। पहले तो प्रतिष्ठाकरानेवाले धनिक यजमानोंको यही खबर नहीं कि प्रतिष्ठाकरानेका क्या फल है तथा हमको

प्रतिष्ठाचार्यके साथ कैसा वर्ताव करना चाहिये। दूसरी बात यह है कि प्रतिष्ठाचार्यको भी अत्यत लोभके वशीभूत होकर इसबातका ध्यान नहीं रहता कि मै यजमानके साथ अयोग्य वर्ताव तो नहीं करता। बस यजमान और प्रतिष्ठाचार्य इन दोनोंके अयोग्य वर्ताव होनेसे प्रतिष्ठाके समय अनेक विघ्न आकर उपस्थित होजाते हैं तब प्रतिष्ठाका फल निष्फल होजाता है॥ यही विचारकर मेरा मन सक्षिप्त भाषाटीका सहित इस **प्रतिष्ठापाठ**को प्रकाशित करनेका हुआ है। जिससे सब साधारण भव्यजीवोंको यह वात मालूम होजावे कि प्रतिष्ठा करानेमें किन २ चीजोंकी आवश्यकता है और यजमान तथा प्रतिष्ठाचार्यको कैसा वर्ताव रखना चाहिये ॥

यह महान् ग्रथ पंडितप्रवर श्री आशाधर गृहस्थाचार्यका बनाया हुआ है। इन्होने श्री **वसुनंदि** आचार्यकृत **प्रतिष्ठासार संग्रह**के विषयका उद्धार करनेके लिये विस्तारसहित पूर्वोक्त प्रतिष्ठासारोद्धार नामका ग्रथ रचकर भव्यजीवोंका उपकार किया है। इन्हीं विद्वद्वरने धर्मामृत आदि अनेक अपूर्व ग्रथोकी रचना की है, उसका उल्लेख प्रशस्तिमें किया गया है। और जीवनचरित्र भी सक्षेपमें प्रशस्तिमें है तथा सागार धर्ममृतमें मुद्रित हो चुका है इसलिये यहां लिखनेकी विशेष आवश्यकता नहीं है। इस ग्रथकी भाषाटीका अबतक देखनेमे नहीं आई और न मैंने अबतक कोई प्रतिष्ठा करानेका काम ही किया। उसमें भी प्रतिष्ठाकी क्रिया करानेवालोंकी लोभकषायके वश चित्तमलिनता होनेके कारण विधि वतलानेमें सहायता देना असंभव समझ उनके पास भी जाना व्यर्थ समझा। इसलिये मूल सस्कृतपरसे ही बुद्धिके अनुसार भाषाटीका सक्षेपसे लिखी गई है।

इस ग्रथकी एक हस्तलिखित प्रति तो पूर्ण मिली तथा दूसरी अधूरी मिली। ये दोनों प्रतियां लेखकोंकी कृपासे प्राय: अशुद्ध मिलीं, इसलिये अर्थकरनेमे बहुत कठिनाई हुई। अस्तु। 'न कुछसे कुछ होना अच्छा' इस कहावतको लेकर यह उद्यम किया गया है।

इस ग्रथके साथ प्रतिष्ठासारसंग्रहका भी कुछ भाग लगादिया है । तथा समयके अनुकूल विषयसूची, मंत्रसाधनके समय आवश्यक चीजोंका नकशा, और मत्रव्याकरणके कुछ नियमोंको बतलानेवाले श्लोक भी लगादिये गये हैं कि जिससे कर्णपिशाचिनी आदि विद्याके साधनेमें सफलता हो । मत्र सिद्ध करनेकी विस्तारसे विधि **मंत्रसंग्रह** में बहुत अच्छी तरहसे बतलाई जावेगी ।

इस ग्रथके उद्धारमें श्रीमान् सेठ **भैरूंदानजी** लाडनूं निवासीने जो पचास रुपये भेजकर सहायता की है, इस अपूर्व उपकारके हम बहुत आभारी होके कोटिश धन्यवाद देते हैं और आशा करते हैं कि इस तरहकी आर्थिक सहायता देकर अन्य सज्जन भी जिनवाणीका प्रचारकर पुण्यउपार्जन करेंगे । अंत में यह प्रार्थना है यदि हमारे पाठकोंको इस ग्रथसे सतोष हुआ और सहायता मिली तो **अष्टांग-निमित्तसंग्रह** तथा **मंत्रसंग्रह** आदि अपूर्व ग्रंथ भाषा-टीका सहित प्रकाशित करके उपस्थित करूगा । शुद्ध प्रति न मिलनेसे कहीं अशुद्धिया रह गई हों तो पाठक महाशय मुझपर क्षमा करें । जब शुद्ध प्रति मिलजावेगी तब शुद्धिपाठ छपाकर भेजदिया जावेगा । इसतरह प्रार्थना करता हुआ इस प्रस्तावनाको समाप्त करता हूं । अल विशेषु ।

खत्तरगली हौदावाडी
पो. गिरगाव—बंबई
जेठ वदि १३ वीर सं० २४४३

जैनसमाजका सेवक
मनोहरलाल
पाढम (मैंनपुरी) निवासी

मंत्रसाधनके समय आवश्यक नियम ।

शांतिकर्म १	पौष्टिककर्म २	वश्यकर्म ३	आकर्षणकर्म ४
वरुणदिशा	नैऋत्यदिशा	कुबेरदिशा	यमदिक्
अर्धरात्रि	प्रभातकाल	पूर्वाह्णकाल	पूर्वाह्णकाल
ज्ञानमुद्रा	ज्ञानमुद्रा	सरोजमुद्रा	अंकुशमुद्रा
पंकजासन	स्वस्तिकासन	पंकजासन	दंडासन
(नमः) स्वाहा पल्लव	स्वधा पल्लव	वषट् पल्लव	वौषट् पल्लव
श्वेतवस्त्र	श्वेतवस्त्र	रक्त वस्त्र	उदयार्कवस्त्र
श्वेतपुष्प	श्वेतपुष्प	अरुण पुष्प	अरुणपुष्प
श्वेतवर्ण	श्वेतवर्ण	रक्तवर्ण	उदयार्कवर्ण
पूरकयोग	पूरकयोग	पूरकयोग	पूरकयोग
दीपनआदि नाम	दीपनआदि	संपुट आदि	ग्रंथनवरुण
स्फटिकमणि माला	मुक्ताफल माला	प्रवालमणि	प्रवालमणि
मध्यमांगुलि	मध्यमांगुलि	अनामिका	कनिष्ठिका
दक्षिणहस्त	दक्षिणहस्त	वामहस्त	वामहस्त
वामवायु	वामवायु	वामवायु	वामवायु
जलमंडल	जलमंडल	अग्निमंडल	अग्निमंडल

स्तंभनकर्म ५	मारणकर्म ६	विद्वेषणकर्म ७	उच्चाटनकर्म ८
पूर्वाभिमुख	ईशानदिशा	अग्निदिक्	वायव्यदिशा
पूर्वाह्नकाल	संध्याकाल	मध्याह्नकाल	अपराह्नकाल
शंखमुद्रा	वज्रमुद्रा	प्रवालमुद्रा	प्रवालमुद्रा
वज्रासन	भद्रासन	कुर्कुटासन	कुर्कुटासन
ठ ठ पल्लव	घे घे पल्लव	हूं पल्लव	फट् पल्लव
पीतवस्त्र	कृष्णवस्त्र	धूम्रवस्त्र	धूम्रवस्त्र
पीतपुष्प	कृष्णपुष्प	धूम्रपुष्प	धूम्रपुष्प
पीतवर्ण	कृष्णवर्ण	धूम्रवर्ण	धूम्रवर्ण
कुंभकयोग	रेचकयोग	रेचकयोग	रेचकयोग
विदर्भमध्य	रोधनआदि	पल्लवांतिनाम	पल्लवांतिनाम
स्वर्णमणि	पुत्रजीवीमणि	पुत्रजीवीमणि	पुत्रजीवीमणि
कनिष्ठिका	तर्जनी	तर्जनी	तर्जनी
दक्षिणहस्त	दक्षिणहस्त	दक्षिणहस्त	दक्षिणहस्त
दक्षिणवायु	दक्षिणवायु	दक्षिणवायु	दक्षिणवायु
पृथ्वीमंडल	वायुमंडल	वायुमंडल	वायुमंडल

॥ मंत्रसाधनविधिके आवश्यक श्लोक ॥

दिक्कालमुद्रासनपल्लवानां भेदं परिज्ञाय जपेत् स मंत्री ।
न चान्यथा सिद्ध्यति तस्य मंत्रः कुर्वन् सदा तिष्ठतु जाप्यहोमं ॥ १ ॥
स्तंभं विद्वेषमाकृष्टिं पुष्टिं शांतिं प्रचालनम् । वश्यं वधं च तं कुर्यात् पूर्वाद्यभिमुखः क्रमात् २
अन्योन्यवज्रविद्धं पीतं चतुरस्रमवनिबीजयुतम् । कोणेषु रांतयुक्तं भूमंडलसंज्ञकं ज्ञेयम् ॥३॥
मुखमूलवपोपेतः पद्मपत्रांकितः सितः । पववर्णात्तदिक्कोण कलशस्तोयमंडलम् ॥ ४ ॥
त्रिस्वास्तिकं त्रिकोणं यांतं कोणेषु वह्निबीजयुतम् । ज्वालायुतमरुणाभं तन्मंडलमाहुराग्नेयम्५
बहुबिंदुवक्ररेखं वृत्ताकारं चतुर्यकारयुतम् । कृष्णं मारुतबीजं वायव्यं मंडलं प्राहुः ॥ ६ ॥
चत्वारि मंडलानि च लवरयवर्णैः क्रमेण युक्तानि । पृथ्वीसलिलहुताशनमारुतबीजैः समेतानि ७
मारणाकृष्टिवश्येषु त्र्यस्रं कुंडं प्रशस्यते । विद्वेषोच्चाटयोर्वृत्तमन्येषु चतुरस्रकम् ॥ ८ ॥
पलाशस्य समिन्मुख्या स्यादमुख्या पयस्तरो । विधानमेतत् संग्राह्यं विशेषवचनादृते ॥ ९ ॥
वधाविद्वेषोच्चाटेष्वष्टौ पुष्टौ मता नव शांतौ । आकृष्टिवशीकृत्योर्द्वादश सामिधः प्रमांगुलयः॥१०
शतमष्टोत्तरसंख्या सहस्रमष्टोत्तरं वदंति जपे ।होमादिषु संख्या स्यात् दशभागा मूलमंत्रसंख्यायाः
जपादविकलो मंत्रः स्वशक्तिं लभते पराम् । होमार्चनादिभिस्तस्य तृप्ता स्यादधिदेवता १२
एकस्तावद्वह्निः पुनरपि पवनाहतो न किं कुर्यात् ।एको मंत्रः पुनरपि जपहोमयुतोस्य किमसाध्यं
शिष्यो मंत्रक्रियारंभे स्नातः शुद्धांबरं दधत् । निर्जंतुदेशके पूजाजपहोमान् करोत्विति ॥१४॥
पंचाह्वानस्थापनसाक्षात्करणार्चनाविसर्गाः स्युः।मंत्राधिदेवतानामुपचाराः कीर्तितास्तज्ज्ञैः॥
सिसाधयिषुणा विद्यामविघ्नेनेष्टसिद्धये । यत्स्वस्य क्रियते रक्षा सा भवेत् सकलीक्रिया॥१६॥

ॐ नमः परमात्मने ।

श्रीमत्पंडितप्रवर-आशाधरविरचितः

प्रतिष्ठासारोद्धारः ।

(जिनयज्ञकल्पापरनामा)

जिंनान्नमस्कृत्य जिनंप्रतिष्ठाशास्त्रोपदेशव्यवहारदृष्ट्या ।
श्रीमूलसंघे विधिवत्प्रबुद्धान भव्यान प्रवक्ष्ये जिनयज्ञकल्पम् ॥ १ ॥

हिंदी भाषाटीका

अब जिनयज्ञ कल्प नामके प्रतिष्ठापाठका व्याख्यान किया जाता है;—मैं (आशाधर) जिनेंद्र भगवानको नमस्कार करके और जिनप्रतिष्ठा शास्त्रोकी गुरुआम्नायको अच्छीतरह जानकर श्रीमूलसंघके शास्त्रोंके अनुसार श्रावकधर्मको पालनेवाले भव्योके वास्ते जिनयज्ञक-

१ अथातो जिनयज्ञकल्पमनुक्रमिष्याम. । २. जिनस्थापनाधर्मसहितापुर्वाम्नायमुख्यप्रवृत्त्यवलोकनेन ।

साकल्येनैकदेशेन कर्मारातिजितो जिनाः । पंचार्हदादयोऽत्रेष्टाः श्रुतं चान्यच्च तादृशम् ॥२॥
जिनानां यजनं यज्ञस्तस्य कल्पः क्रियाक्रमः। तद्वाचकत्वाच्च जिन-यज्ञकल्पोऽयमुच्यते ॥३॥
तत्र विश्वोपकारार्थजन्मनां यज्ञमर्हताम् । प्रागाहुस्तस्य भेदाः स्युः पंच नित्यमहादयः ॥४॥
तेषु नित्यमहो नाम स नित्यं यज्जिनोर्च्यते । नीतैश्चैत्यालयं स्वीयगेहाद्गंधाक्षतादिभिः ॥५॥
अतो नित्यमहोद्युक्तैर्निर्मापं सुकृतार्थिभिः । जिनचैत्यगृहं जीर्णमुद्धार्यं च विशेषतः ॥६॥

ल्पका विस्तारसे व्याख्यान करता हूं ॥१॥ समस्त अथवा थोडेसे कर्मरूपी वैरियोंको जिसने जीत लिया है वह जिन कहलाता है इसलिये यहांपर अर्हत सिद्धादि पांच परमेष्ठी तथा उनका कहा हुआ द्वादशांग शास्त्र–जिन जानना चाहिए। उन जिन शब्द वाच्य अर्हतादिकका जो पूजन उसे जिनयज्ञ कहते हैं उसकी क्रियाओंके क्रमको कल्प कहते हैं इसलिये जिन-पूजाकी क्रियाओंके क्रमको जो कहे उसीको 'जिनयज्ञकल्प' इस नामसे कहते हैं। यह जिनयज्ञकल्पका अक्षरार्थ हुआ ॥ २। ३॥ उनमें सबसे पहले अर्हतकी पूजाका क्रम कहा जाता है क्योंकि मुख्यतासे उन तीर्थंकर अर्हतका ही जन्म जगतजीवोंके उपकारके लिए होता है। उस पूजाके नित्यमह चतुर्मुख रथावर्त कल्पवृक्ष इन्द्रध्वज–ये पांच भेद आचार्योंने कहे हैं ॥ ४ ॥ उन पांचोंमेंसे नित्यमह नामकी पूजा वह है कि जो अपने घरसे चंदन अक्षतादि अष्टद्रव्यको चैत्यालय (जिनमंदिर) में लेजाकर उससे जिनेन्द्रका पूजन किया जावे ॥ ५ ॥ इसलिये पुण्यके चाहनेवालोंको नित्यमह पूजनमें उद्यमी होके जिनमंदिर बनवाना चाहिये

जिने यज्ञं करिष्याम इत्यध्यवसिताः किल। जित्वा दिशो जिनानिष्ट्वा निर्वृता भरतादयः॥७॥
शक्यक्रियेष्टफलतां दृष्ट्वाष्टांगनिमित्ततः। स्वशक्त्या स्वाप्तिं पृष्ट्वाप्तान् प्रारभेत जिनालयम्॥८॥
मुनिगोऽश्वेभभूषाढ्ययोषिच्छत्रादिदर्शनम्। तत्प्रश्ने वेदपाठार्हन्नुत्यादिश्रवणं शुभम् ॥ ९ ॥
विमूर्धा हसतीस्तोमः सोहं मध्ये स्थितोऽततः। चतुरोंकारयुक् सव्येतरमायाद्वयावृत्तम् ॥ १० ॥

और जहांतक होसके जीर्ण जिनमंदिरका उद्धार कराना बहुत उत्तम है ॥ ६ ॥ जिनेन्द्र देवकी पूजा तो अवश्य करेंगे ऐसा दृढनिश्चय रखनेवाले भरत सगर राम पांडव आदिक बडे २ महाराजा जो पूर्वसमयमें होगये हैं वे भी जिनेन्द्रदेवकी पूजाकरनेसे ही सब दिशाओंको जीतकर अंतमें मोक्षके अविनाशीक सुखको प्राप्त हुए ॥ ७ ॥ अपनी शक्ति और इष्ट सिद्धिको विचार कर तथा पिता माता मंत्रीआदिक सज्जनोंको पूछकर अष्टांग निमित्तके द्वारा शुभतिथि आदि पंचांग शुद्ध लग्नमें जिनमंदिर बनवाना शुरू करे ॥ ८ ॥ जिनमंदिरके उद्धार करनेके संबंधमें पूंछनेके समय दिगंबर मुनि (साधु) बछड़ेवाली गाय वा बैल घोडा हाथी सधवा स्त्री छत्र और आदि शब्दसे चमर ध्वजा सिंहासन दही दूध इत्यादिका देखना तथा वीणाका शब्द जैन शास्त्रोंका पाठ अर्हतको नमस्कार आदि शब्दोंका सुनना शुभ है ॥ ९ ॥ अब कर्णपिशाचिनी यंत्र मंत्रका उद्धार बतलाते हैं,-हकार सकार तीकारके ऊपर बिंदु रख सकार और हकारके बीचमें तीं अक्षरको लिखे उसके चारों कोनोंमें चार ओंकार

जोगे मग्गे पदं तच्चे भूदे भव्वे ततः परम् । भविस्से अक्खे पक्खे च जिनपार्श्वे रमाक्षरम्॥ ११॥
मायाबीजं वधूबीजं तथा कर्णपिशाचिनि । मंत्रेणानेन तच्चक्रे नमोंतप्रणवादिना ॥ १२ ॥
जातीपुष्पसहस्राणि जप्त्वा द्वादश शद्दशः । विधिना दत्तहोमस्य विद्या सिद्ध्यति वर्णिनः १३
सानाहतामूर्ध्वमुखज्योतिस्त्रींकारधीरिमाम् । जपन् शृणोति वा पश्यत्यपि जाग्रच्छुभाशुभम् १४
उपोषितो जपन् सुप्त ओं मायाद्यपराजितम् । दृष्ट्वा मुन्यादिक ब्रूयाच्छुभं क्षुद्रादि चाशुभम् १५

लिखना और दक्षिण वामभागकी तरफ माया बीजनामक ह्रींको लिखे अर्थात् ऐसा यंत्र बनावे । यह कर्णपिशाचिनी यंत्र है॥१०॥जोगे मग्गे तच्चे भूदे भविस्से अक्खे पक्खे जिणपार्श्वे श्री (रमाक्षर) ह्रीं (मायाबीज) स्त्री (वधूवीज) कर्णपिशाचिनि—इसके अंतमे नमः लिखे और आदिमे ओ लिखे तो ॐ जोगे मग्गे तच्चे भूदे भविस्से अक्खे पक्खे जिणपार्श्वे श्री ह्री स्त्री कर्णपिशाचिनि नमः ” ऐसा कर्णपिशाचिनी मंत्र हुआ । यह मंत्र यंत्रके चारो तरफ लिखे ।११।१२। फिर ब्रह्मचर्यव्रत धारण करके यंत्रको सामने रखकर बारह हजार चमेलीके फूलोंसे मंत्र जपे पश्चात् रातमें विधिपूर्वक बारह सौ आहूतियां अग्निमे देवे— ऐसा करनेसे उस ब्रह्मचारीको कर्णपिशाचिनी विद्या सिद्ध हो जाती है ॥ १३ ॥ ऊपरको नेत्र किये हुए जो मंत्र साधनेवाला ओंकार रूप अनाहत अक्षरसे वेढी हुई इस विद्याको ध्यानपूर्वक जपता है वह जाग्रत अवस्था और शयनअवस्था दोनोमेही शुभ अशुभ सुनता है और देखता है ॥१४॥ जो उपवास करके ओं ह्रीं आदि पंच-

ओ		ओ
ह्रीं	स तीं हं	ह्रीं
ओं		ओ

भूपातालक्षेत्रपीठवास्तुद्वारशिलार्चनाः । कृत्वा नरं प्रवेश्यार्च्यां न्यस्याथारोपयेद् ध्वजम् ॥ १६ ॥
जैनं चैत्यालयं चैत्यमुत निर्मापयन् शुभम् । वांछन् स्वस्य नृपादेश्च वास्तुशास्त्रं न लंघयेत् १७
रम्ये स्निग्धं सुगंधादिदूर्वाद्याढ्यां स्वतः शुचिम् । जिनजन्मादिना वास्ये स्वीकुर्याद्भूमिमुत्तमाम्
खात्वा हस्तमधः पूर्णे गर्ते तेनैव पांशुना । तदाधिक्यसमोनत्वे श्रेष्ठा मध्याधमा च भूः ॥ १९ ॥

नमस्कार मंत्रका जाप करता हुआ सो जावे और उस सोती हुई अवस्थामे मुनि गाय आदिको देखे तो शुभफल कहे और शकुन शास्त्रमे कही हुई अशुभ वस्तुओको देखे तो अशुभ फल कहे ॥ १५ ॥ अपनी भूमि पातालभूमि पूरितभूमि चौकी देवगृह शिला—इनकी पूजा करके सोनेके बनाये हुए मनुष्याकार पुंतलेको रख उसकी पूजा करके बाद ध्वजा चढावे ॥ १६ ॥ जो अपना और राजा प्रजाका कल्याण चाहता है उसे वास्तुशास्त्रके अनुसारही जिनमंदिर और जिन प्रतिमाको बनवाना चाहिये ॥ १७ ॥ ऐसी जमीनको मंदिर बनवानेके लिये पसंद करे कि जो चिकनी हो तथा सुगंधीसे या दूब वगैरः घाससे या तो स्वयं शुद्ध हो या जिनेन्द्रके किसी एक कल्याणकसे पवित्र हो ॥ १८ ॥ वह भूमि एक हाथ गहरी और एक हाथचौडी खोदे उससमय उसी निकली हुई मट्टीसे गढा भरदे जब खड्डा भरनपरे अधिक मट्टी मालूम पड़े तब समझना चाहिये कि भूमि उत्तम है, समान होवे तो मध्यम तथा कम

---

१ इस पुतलेकी विधि आगे कही जावेगी । २ घर वगैरः बनानेकी विधि बतलानेवाला शिल्पिशास्त्र ।

प्रदोषैः कटसंरुद्धसमीरायां च तद्भुवि । ओंहूं फडित्यस्त्रमंत्रत्रातायामामभाजने ॥ २० ॥
आमकुंभोऽर्व्वगे सर्पिःपूर्णे पूर्वादितःसिताम्।रक्तां पीतां शितिं न्यस्य वर्तिसर्वाः प्रबोध्य ताः २१
अनादिसिद्धमंत्रेण मत्रयेदाघृतक्षयात् । शुद्धं ज्वलंतीपु शुभं विध्यातीष्वशुभं वदेत्॥२२॥
एवं सगृह्य सद्भूमिं सुदिनेऽभ्यचर्य वास्त्वधः। सर्वाऽयाध्यर्धमंभोऽश्मप्राग्धरावधि वा तथा २३
पातालयास्तु संपूज्य प्रपूर्याधाप्य तां समाम्। प्रासादं लोकशास्त्रज्ञो दिशः संसाध्य सूत्रयेत् २४

होवे–गढा न भर सके तो खराब-अशुभ करनेवाली जमीन समझनी चाहिये ॥ १९ ॥ सूर्य छिपनेके बाद चटाईके परकोटेसे हवाको रोककर उस जगहकी 'ओं हूं फट्' इस कुदालादि अस्त्रमंत्रसे रक्षा करे ॥ २० ॥ पुनः उसकी पूर्वादि चारों दिशाओंमें कच्चे मट्टीके चार घड़े रक्खे उनपर कच्चे सरवे घीसे भरे हुए रक्खे उनमें सफेद लाल पीली काली बत्ती पूर्वादि दिशाओंके क्रमसे डालै फिर सबको जलावै ॥ २१ ॥ जबतक घी रहै तबतक अनादि सिद्धमंत्रसे मंत्रित करै । बत्तियां साफ जलतीं हों तो शुभफल कहना और यदि बुझतीं हुई मालूम पड़ें तो अशुभ फल कहना चाहिये ॥ २२ ॥ इसप्रकार उत्तम भूमिको तलाशकर शुभ दिनमें उसकी खोदी हुई नींवकी पूजा करके उसे शुद्ध करे । फिर पत्थर वगैरः के टुकड़ोंसे भरकर पहली भूमिके बराबर करले इस तरह व्यवहार शास्त्रका जानने-वाला दिशाओंको विचार कर जिन भवनका निर्माण करावे ॥ २३ ॥ २४ ॥

चतुरस्रे कृते पंचवर्णचूर्णेन मंडले । चतुर्द्वारेष्टपत्राब्जगर्भे न्यस्यांबुजोदरे ॥ २५ ॥
जिनादीन् मंगलैर्लोकोत्तमैश्च शरणैर्युतान् । अनादिसिद्धमंत्रेण पूजयेद्दिग्दलेष्वनु ॥ २६ ॥
देवीर्जयाद्या जंभाद्या विदिक्पत्रेषु तद्बहिः । लोकपालान् यजेद्दिक्षु स्वस्वमंत्रैस्तथा ग्रहान् २७
तत्र संस्थाप्य सत्पीठे जिनार्चा समहोत्सवाम् । प्रीतः प्रीतेन संघेन संयुक्तो याजकोत्तमः २८
संस्नाप्यादाय गंधांबुचरुपुष्पाक्षतादिकम् । दद्याद्बलिं स्वमंत्रेण विश्वविघ्नोपशांतये ॥ २९ ॥
एवं स्थंडिलपातालवास्तुपूजाद्वयोत्तरम् । विधाप्य मसृणं क्षेत्रमित्थं तद्वास्तु पूजयेत् ॥३०॥

इति स्थंडिलपातालवास्तुद्वयपूजाविधानम् ।

उस जिन मंदिरके चारों दरवाजोंके सामने पांच रंगके चूर्णसे चौकोन मांडला बनावे और आठ पाखुडीके कमलके आकार तांबेके पात्रमें लोकोत्तम शरणरूप जिन आदिको अनादि सिद्ध मंत्रसे पूजे ॥ २५ ॥ २६ ॥ उसके बाद दिशाओंके चार पत्रोंपर जया आदि देवियोंका और विदिशाओंके चार पत्रोंपर जंभा आदि देवियोंका तथा उसके बाहर चार लोकपालोंका और नव ग्रहोंका अपने २ मंत्रोंसे पूजन करे ॥ २७ ॥ फिर उत्तम सिंहासनपर जिन भगवानकी प्रतिमाको विराजमान करके वह उत्तम यजमान (पूजा करानेवाला) प्रेमयुक्त श्रावकादि समूहसे घिरा हुआ प्रसन्न चित्तसे जिन पूजा करे ॥ २८ ॥ पहले तो सुगंधित जलसे अभिषेक करे पश्चात् जल चंदन अक्षतादि आठ द्रव्य लेकर अपने २ मंत्रसे सब विघ्नोंकी शांतिके लिये पूजा करे ॥ २९ ॥ इस प्रकार चबूतरा और

रेखाभिस्तिर्यगूर्ध्वाभिर्वज्राग्राभिः सुलेखिते । एकाशीत्यष्टपत्राब्जगर्भकोष्ठेऽत्र मंडले ॥ ३१ ॥
यजेन्मध्यांबुजेनादिसिद्धमंत्रेण सद्गुरून् । जयादिदेवीः स्वैर्मंत्रैः पत्रेषु बहिरष्टसु ॥ ३२ ॥
षोडशस्वर्चयेद्विद्यादेवीः शासनदेवताः । द्विर्द्वादशेषु द्वात्रिंशत्पद्मेष्विंद्रानतो बहिः ॥ ३३ ॥
इंद्रादीन् दिक्षु यज्यांश्च वज्राग्रेषु नतो ग्रहान् । जिनार्चां तत्र पीठस्थां संस्नाप्याभ्यर्च्य पूर्ववत् ३४
सर्वौषधीपंचरत्नमिश्रतीर्थांबुपूरितान् । पंचताम्रमयान् कुंभान् दधिदूर्वाक्षतार्चितान् ॥३५॥

नींवकी भूमि–इन दोनोंकी पूजाकरके चीकनी जगह करावे ॥ ३० ॥ इस प्रकार चबूतरा और नींवकी भूमि–इन दोनोंकी पूजाका विधान समाप्त हुआ । उसके बाद बृहत्शांति नाम एक चौकोण मंडल बनावे उसकी विधि इस प्रकार है कि पहले तो उसके चारो तरफ इक्यासी लकीरें अग्रभागमें वज्र चिह्न वाली खींचे फिर उस कोठेके बीचमें आठ पत्तेवाला कमल बनावे ॥ ३१ ॥ उस कमलके मध्यमें पच परमेष्ठियोंको स्थापन करके अनादि सिद्ध मंत्रसे पूजा करे। उसके बाद आठ कमलपत्रोंपर स्थित जया आदि आठ देवियोकी पूजा करे॥३२॥ पश्चात् रोहिणी आदि सोलह विद्या देवियोंके चक्रेश्वरी आदि चौवीस शासन देवताओंके कोठे तथा बत्तीस यक्षोंके कोठे खींचे । उसके बाद चारो दिशाओंमें इंद्र वरुण आदि चार दिक्पालोंको स्थापन करे फिर वज्रके आगेके भागमें नव ग्रह स्थापन करना चाहिये । उस मध्य कमलके ऊपर सिंहासन रखे उसपर जिनप्रतिमा रखकर उसका अभिषेक पूर्वक पूजन करना चाहिये ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ उसके बाद चारो कोनोमे चार शिला तथा एक

तत्रारोप्यैकशोनादिसिद्धमंत्रेण मंत्रयेत्। ततस्तन्न्यासदेशेषु सूतश्रीखंडकुंकुमम् ॥ ३६ ॥
क्षित्वा प्रागेकमुत्क्षिप्य क्षेत्रगर्भे न्यसेत्तथा । पृथक्कोणेषु चतुरस्तेतः पंच शिलाः पृथक् ॥३७॥
जिनादिमंत्रैरध्यास्य सुलग्ने तेषु विन्यसेत् । ततः प्रतोष्य शिल्प्यादीन् स्वक्षेत्रे भ्रामयेद्बलिम् ३८
पीठबंधेप्यसावेत्र विधिः कृत्स्नो विधीयताम् । विकुंभो देहलीपद्मशिलयोश्च निवेशने ॥३९॥

इति पीठबधादित्रयप्रतिष्ठाविधानम् ।

भीतर (सिंहासनके पास) इस तरह पांच शिला अथवा पकी हुई ईटें रक्खे । उसके ऊपर शुभ लग्नमें पांच तांबेके कलशोंको क्रमसे रखे उनके अंदर सर्वौषधी, पांच तरहके रत्नोंसे मिला हुआ नदी या कुएका जल भरा रहना चाहिये और घड़ोंके रखनेके स्थानपर पारा-घिसा हुआ चंदन कुंकु रखे और सबको अनादिसिद्ध जिनादि(णमोकार)मंत्रसे मंत्रित करे । उसके बाद कारीगरोंको द्रव्यादिसे प्रसन्न करके अपने मंडलके आगे पूजाकरे ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ ॥ ३७ ॥३८॥ इस प्रकार जिनादि मंत्र तथा शिला रखनेकी विधि पूर्ण हुई । वेदीके बांधनेमें (रचनामें) भी यही विधि करनी चाहिये और देहलीकी शिला तथा वेदीकी कमलाकार गुमठीकी शिलाके रखनेमें भी पूर्वकथित विधि करनी चाहिये । परंतु देहलीके दरवाजे की तथा गुमठीकी कमलाकार शिलाके पिछले भागमें जया आदिके देवियोंकर सहित

---

१ ओं ह्रॉ नमोऽर्हद्भ्य स्वाहा, ओं ह्रीं नम सिद्धेभ्य स्वाहा, ओं ह्रूं नम सूरिभ्यः स्वाहा, ओं ह्रौं नम पाठकेभ्य स्वाहा, ओं ह्र नम सर्वसाधुभ्य. स्वाहा । जिनादिमत्रा खरशिलानिवेशन ।

देहल्यब्जशिलापृष्ठे जयाद्यष्टदलांबुजम् । संपूज्याप्लवयेच्चार्हत्स्नृतांभस्तीर्थवार्घटैः ॥ ४० ॥
अथ किंचिदपर्याप्ते प्रासादे दक्षुणक्षणे । कारापकादिक्षेमार्थं पुरुषं संप्रवेशयेत् ॥ ४१ ॥
शुकनासोर्ध्वपर्यंतवेदिकाधस्तलांतरे । गर्भपवरकं कृत्वा वेदिकां तत्र विन्यसेत् ॥ ४२ ॥
मध्ये ताम्रमयं कुंभं वस्त्रयुग्मेन वेष्टितम् । क्षीराज्यशर्करापूर्णं गंधपुष्पाक्षताचिंतम् ॥ ४३ ॥
स्थिरं संस्थाप्य तन्मध्ये प्रक्षिपेद्रत्नपंचकम् । सर्वौषधीश्च धान्यानि पारदं लोहपंचकम्॥४४॥
सौवर्णं वाथवा रौप्यं कारयित्वा नरं ततः।संस्नाप्याज्यादिसद्द्रव्यैःसमभ्यर्च्याक्षतादिभिः४५

आठ पत्रोंवाला कमल पूजकर अर्हंत देवके अभिषेकके जलसे उन शिलाओंको धोना चाहिये ॥ ३९ ॥ ४० ॥ इसप्रकार वेदीबंध आदि तीनोंकी प्रतिष्ठाकी विधि जानना ॥ अब पुतलेके प्रवेश करनेकी विधि कहते हैं,-उसके बाद अपने संपूर्ण लक्षणोंसे युक्त जिनमंदिर तयार होनेमें कुछ रह जावे तभीसे शिल्पी वगैरके कल्याणकेलिये मनुष्याकार पुतलेका प्रवेश करे ॥४१॥ उसकी विधि इस प्रकार है कि तोतेका समान नाकवाली पद्मशिलाके ऊपरके भाग और वेदीके निचले भागके बीचमें रहनेका स्थान (कमरा) बनाके उसमे प्रतिमा विराजमान होनेकी वेदीको रखे ॥४२॥ उसके बीचमें तांबेका घडा दो वस्त्रोंसे ढका हुआ रक्खे उस घडेमें दूध घी शक्कर भरदे और चंदन पुष्प अक्षतसे पूजन करे।उस घडेको स्थिर रखकर उसमे पांच तरहके रत्न, सर्व औषधी सब अनाज पारा लोहा आदि पांच धातुएं भरदे ॥४३।४४॥ अनंतर सोना अथवा चांदीका मनुष्याकार पुतला बनवाके उसे घी आदि उत्तम द्रव्योंसे स्नान

तूलोपधानयुक्तायां सुशय्यायां निवेश्य च। अनादिसिद्धमंत्रेण सम्यक् तत्राधिवासयेत् ४६
पूर्वोक्तविधिना कृत्वा जिनेंद्रार्चाभिषेचनम्। ततस्तं सम्यगुत्क्षिप्य विलग्नांशोदये शुभे॥४७॥
कृत्वा महोत्सवं तत्र कुंभे तं स्थापयेन्नरम्। एतत्कारापकादीनां विधानं शुभदं भवेत्॥४८॥

इति पुरुषप्रवेशनविधानम्।

धाम्नि सिद्ध्यति सिद्धे वा सेत्स्यत्यर्चाकृते शिलाम्।अन्वेष्टुं सेष्टशिल्पींद्रःसुलग्नशकुने व्रजेत्४९
प्रसिद्धपुण्यदेशोत्था विशाला मसृणा हिमा। गुर्वा चार्वा दृढा स्निग्धा सद्गंधा कठिना घना ५०

कराके अक्षतादिसे पूज पटसूत्र (निवाड) से बुनी हुई रुईके गद्दे तकिये सहित सेज (खाट) पर रख अनादि सिद्धमंत्र पढकर लिटावै फिर जिनेंद्रदेवका अभिषेक पूर्वक पूजन करके शुभलग्नके भवांशके उदयमें उच्छव सहित उस मनुष्यकार पुतलेको उस घडेमें रखे। ऐसा विधान करनेसे कारीगरोंको कोई विघ्न नहीं आता शुभफल होता है ॥ ४५ । ४६ ॥ ॥ ४७ । ४८ ॥ उसके पश्चात जिनमंदिर तयार होरहा हो हो गयाहों या कुछ देरी हो पूजन करके उत्तम प्रतिष्ठमावनानेवाले कारीगरको साथ लेकर शुभलग्न तथा शुभशकुनमे प्रतिमाके लिए शिला लेनेको पहाडपर जाना चाहिये ॥ ४९ ॥ अर्हंत प्रतिमाके लिये बहुत उत्तम मोटी शिला होनी चाहिये। तथा वह शिला प्रसिद्ध पवित्र जगह वाली हो बडी हो, चिकनी हो, ठंडी हो, मोटी हो, सुंदर हो, मजबूत हो, अच्छी गंधवाली हो, ठोस हो,

सद्वर्णात्यंततेजस्का विंदुरेखाद्यदूषिता । सुस्वादा सुस्वरा चार्हद्बिंबाय प्रवरा शिला ॥ ५१ ॥
तां प्राप्य भूवत् कृत्वार्चां प्रोक्ष्यमंत्रेण पूजिताम् । विभिद्योंहूं फट् स्वाहेद्धशस्त्राग्रेणार्चयेत् पुनः ५२
गृहमेत्य ततो भूवत्तां शुभामशुभामपि । स्वस्य ज्ञातुं निशारंभे निमित्तमवलोकयेत् ॥ ५३ ॥
स्नात्वैकांते शुचौ देशे लिप्त्वा गंधैः शुभैः करौ । विधाय सिद्धभक्तिं च ध्यायेन्मंत्रमिमं हृदि ५४
ओं नमोस्तु जिनेंद्राय ओं प्रज्ञाश्रवसे नमः । नमः केवलिने तुभ्यं नमोस्तु परमेष्टिने ॥ ५५ ॥

अच्छे रंगवाली हो अधिक चमकवाली हो, विंदुरेखा आदि दोषोसे रहित हो अच्छा स्वाद तथा अच्छी ध्वनि जिसमे हो–ऐसी शिला होनी चाहिये॥५०॥५१॥उसको लेकर और उससे भूमिकी तरह पूजकर प्रोक्षणमंत्रसे उसे धोकर ओं हूं फट् स्वाहा इस शस्त्रमंत्रसे शिला तराशनेके हथियारसे उसे निकालै ॥ ५२ ॥ फिर घरपर जाकर जिनमंदिरकी भूमिकी तरह उस शिलाके शुभ अशुभ जाननेके लिये रात्रिके आरंभमें अष्टांग निमित्तोंको विचारै ॥५३॥ स्नान करके एकांत शुद्ध स्थानमें शुभ गंध द्रव्यको हाथपर लगाके सिद्धभक्ति पढकर इस आगे कहेजानेवाले] मंत्रश्लोकका मनमे ध्यानकरे ॥ ५४ ॥ वह इस प्रकार है—ओ जिनेंद्र देवको नमस्कार है ओं प्रज्ञाश्रवण केवली परमेष्टिन् तुमको नमस्कार है । दिव्य शरीरवाली हे देवी मुझे स्वप्नमे शुभ अशुभ कार्यको कह । इस दिव्यमंत्रसे उस शिलाको शुभ (कल्याण-

---

१ ओं क्षं वं ह्वः पः क्ष्वीं क्ष्वीं स्वाहा । प्रोक्षणमंत्र । ओं हूं फट् स्वाहा इति शस्त्रमंत्र ।

स्वप्ने मे देवि दिव्यांगे ब्रूहि कार्यं शुभाशुभम् । अनेन दिव्यमंत्रेण शुभां ज्ञात्वा नयेच्च ताम् ५६
प्रातस्तत्र पुनर्गत्वा कृत्वा प्राग्वाद्विधिं रथे । सप्तकृत्वोभिमंत्र्याधिरोपितां तां प्रचालयेत् ॥५७॥
यथा कोटिशिला पूर्वं चालिता सर्वविष्णुभिः । चालयामि तथोत्तिष्ठ शीघ्रं चल महाशिले॥५८॥

इति शिलाभिमंत्रणमंत्रः ।

जिनालयं परीत्य त्रिःप्रवेश्यात्युत्सवेन ताम् । स्वह्नि सिक्त्वा स्वौषधीभिःसिद्धशांतिस्तुती भजेत्
क्रमो यथार्हं योज्योऽयं दारुधात्वादिनापि च । निर्मापयिष्यमाणेऽर्हद्बिंबे सिद्धेथवाऽप्राते ॥६०॥

इति शिलानयनविधानम् ।

कारिणी) जानकर लाना चाहिये ॥ ५५ । ५६ ॥ प्रातः कालके समय रथको लेजाकर वहां पूजनादिविधि करके सातवार उस शिलाको अनादि सिद्ध मंत्रसे मंत्रित करे । फिर उसको वहांसे आगे कहे हुए मंत्रको पढकर उठावे ॥ ५७ ॥ हे महाशिले ! जिस तरह लक्ष्मण कृष्ण आदि नौ नारायणोंने कोटि (करोडमन वजनवाली) शिला पूर्वसमयमें उठाई थी । उसी तरह मैं भी तुझे मूर्ति बनवानेके लिये उठाता हूं । सो तू जल्दी उठ ,, ऐसा मंत्र कहकर उस शिलाको उठाके रथमे विराजमान करे ॥ ५८ ॥ इस प्रकार शिलाभिमंत्रण मंत्र कहा । वहांसे उत्सवके साथ जिनमंदिरमे लावे और उसकी तीन प्रदक्षिणा देकर शुभ दिनमे उत्तम औषधियोंसे शिलाको धोकर मंदिरमे रक्खे उसके बाद सिद्धस्तुति शांति विधान करे ॥ ५९ ॥ ऐसा क्रम (विधि)

सुलग्ने शांतिकं कृत्वा सत्कृत्य वरशिल्पिनम् । तां निर्मापयितु जैनं बिंबं तस्मै समर्पयेत् ॥६१॥
सद्दृष्टिर्वास्तुशास्त्रज्ञो मद्यादिविरतः शुचिः। पूर्णांगो निपुणःशिल्पी जिनार्च्यायां क्षमादिमान् ६२
शांतप्रसन्नमध्यस्थनासाग्रस्थाविकारदृक् । संपूर्णभावरूपानुविद्धांगं लक्षणान्वितम् ॥ ६३ ॥
रौद्रादिदोषनिर्मुक्तं प्रातिहार्यांकयक्षयुक् । निर्माप्य विधिना पीठे जिनबिंबं निवेशयेत् ॥६४॥

पत्थरकी शिलाका कहागया है वैसा ही काष्ठ और धातु वगैर.के अर्हतबिंब व सिद्धादिबिंबोंके तयार करानेमें व तयार होके दूसरे स्थानसे आये हुए बिंबमें । जानना इसप्रकार शिला वगैरेःके लानेका विधान पूर्ण हुआ ॥ ६० ॥ उसके बाद शुभलग्नमे शांति विधान करके चतुर कारीगरको आदरपूर्वक लाकर जिनबिंब तयार करानेके लिये शिलाको उसे सुपुर्द करदे ॥ ६१ ॥ जो अच्छी निगाहवाला हो शिल्प शास्त्रको जानने वाला, मदिरा मांस आदि निंद्य वस्तुओंका त्यागी हो, मनवचन कायसे शुद्ध हो शरीरके अवयवोंसे पूर्ण हो चतुर हो क्षमा आदि गुणोंवाला हो वह शिल्पी जिन प्रतिमाके बनाने योग्य कहा गया है ॥ ॥ ६२ ॥ जो शांत, प्रसन्न, मध्यस्थ, नासाग्रस्थित अविकारी दृष्टिवाली हो जिसका अंग वीतरागपने सहित हो अनुपम वर्ण हो और शुभ लक्षणो सहित हो । रौद्र आदि बारह

---

१ उक्तंच—नात्यंतोन्मगलितास्तब्धा न विस्फारितमीलिना । तिर्यगूर्ध्वमधोदृष्टिं वर्जयित्वा प्रयत्नतः ॥ नासाग्रनिहिता शांता प्रसन्ना निर्विकारिका । वीतरागस्य मध्यस्था कर्तव्या दृष्टिरुत्तमा ॥ २ रौद्र, कुशांग, संक्षिप्तांग, चिपिटनासिक, विरूपकनेत्र, हीनमुख, महोदर, महाहृदय, महाअंस, महाकटी, महापाद, हीनजंघा, शुष्कजंघा—ये दोष हैं ।

स्थापितस्याचलस्थाने पीठस्याक्षूणलक्ष्मणः । नयेत्समीपं प्रतिमां तत्रारोपयितुं स्थिराम् ६५
सौवर्णं राजतं ताम्रं शैलं वा चतुरस्रकम् । रम्यं पत्रं विनिर्माप्य सदलं मसृणं तथा ॥६६॥
तिर्यगूर्ध्वाष्टरेखाभिर्वज्राग्राभिः समालिखेत् । मंडलं त्र्येकपंचाशत्कोष्ठकं श्लक्ष्णरेखकम् ॥६७॥
अकारादि हकारांतं कोष्ठेष्वेकैकमक्षरम् । बाह्यकोणस्थितात्कोष्ठात् प्रादक्षिण्येन संलिखेत् ॥६८।
मध्यमे कोष्ठके तत्र हंकारं सोर्ध्वरेफकम् । जयादिदेवताधिष्ठपत्रपद्मस्य मध्यगम् ॥ ६९ ॥
वज्राग्रे प्रणवं दद्यात्कामबीजं तदंतरे । त्रिर्मायामात्रयावेष्ट्य निरुंध्यादंकुशेन तु ॥ ७० ॥

दोषोसे रहित हो अशोक वृक्षादि प्रातिहार्योंसे युक्त हो और दोनों तरफ यक्ष यक्षीसे वेष्टित हो ऐसी जिन प्रतिमाको वनवाकर विधि सहित सिंहासनपर विराजमान करे ॥ ६३ । ६४ ॥ वह विधि इसतरह है कि निश्चल स्थानमें रखे हुए सिंहासनके ऊपर निर्दोष लक्षणवाली प्रतिमाको स्थिर रूपसे विराजमान करे ॥ ६५ ॥ फिर सोना चांदी तांवा पत्थर–इनमेसे किसी एकका चौकोन चिकना पत्र वनवावे उसपर सीधी तिरछी अग्रभागमें वज्र चिन्हवाली आठलकीरे खींचे उसमें उनचास कोठावाला सीधी रेखाओंकर युक्त एक मंडल खींचे ॥ ६६ ॥६७॥ उन कोठोमें अकारसे लेकर हकारतक एक एक अक्षरको लिखे ॥ ६८ ॥ बीचके कोठेमें ' हं ' लिखकर उसके चारो तरफ आठदलका कमल बनावे उसमे जया आदि आठ देवताओंका स्थापन करे ॥ ६९ ॥ वज्रके अगाडीके भागमें ' ओं ' लिखै दो वज्रोंके मध्यमे ' क्लीं ' लिखै और ईकारसे तीनवार चारो तरफसे घेरकर ' क्रौं ' इस अंकु-

एवं विलिख्य संस्नाप्य यंत्रं क्षीरेण चांबुना। सुगंधिद्रव्यमिश्रेण चंदनेनानुलेपयेत् ॥७१॥
सत्पुष्पाक्षतनैवेद्यदीपधूपफलैर्यजेत्। सुगंधिप्रसवैस्तत्र जप्यमष्टोत्तरं शतम् ॥ ७२ ॥
संजप्य मातृकावर्णमालामंत्रेण तत्त्वतः। ओं नमोऽर्हंमुखं ह्रीं क्लीं क्रौं स्वाहांतेन तत्स्मरेत् ॥७३॥
पत्रमध्ये च यत्पद्मं पीठे गंधेन तल्लिखेत्। कर्पूरं कुंकुमं गंधं पारदं रत्नपंचकम् ॥ ७४ ॥
क्षिप्त्वातपत्रमारोप्य प्रतिमां स्थापयेत्ततः। स्थिरप्रतिष्ठाविधये दिने लग्ने च शोभने ॥ ७५ ॥

शसे ढक्कन लगावे ॥ ७० ॥ इस प्रकार यंत्रको लिखकर सुगंधी द्रव्यसे युक्त दूध और जलसे यंत्रका अभिषेक कर चंदनका लेप करे ॥ ७१ ॥ अक्षत पुष्प नैवेद्य दीप धूप फल–इन आठ द्रव्योंसे यंत्रकी पूजा करे और सुगंध वाले चमेली आदिके फूलोंसे एकसौ आठवार आगे कहे जाने वाले मंत्रका जाप करे ॥ ७२ ॥ वह मंत्र इस तरह है कि "ओं नमो र्हं" इस पदको पहले रक्खे बीचमें अकारादि वर्ण मालाके अक्षरोंको और अंतमें "ह्रीं क्लीं क्रौं स्वाहा" इस पदको रखे—तब 'ओं नमो र्हं अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः क ख ग घ ङ च छ ज झ ञ ट ठ ड ढ ण त थ द ध न प फ ब भ म य र ल व श ष स ह ह्रीं क्लीं क्रौं स्वाहा" ऐसा जपनेका मंत्र हुआ ॥ ७३ ॥ उस तांबेके पत्रमें लिखा हुआ जो कमल है उसे घिसे हुए चंदनसे सिंहासनपर भी लिखै और कपूर कुंकु चंदन पारा पांचतर-

१ ओं नमोऽर्हं अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः। क ख ग घ ङ। च छ ज झ ञ। ट ठ ड ढ ण। त थ द ध न। प फ ब भ म। य र ल व। श ष स ह ह्रीं क्लीं क्रौं स्वाहा ॥ इति जपमंत्र ॥

स्थापयेदर्हतां छत्रत्रयाशोकप्रकीर्णकम् । पीठं भामंडलं भाषां पुष्पवृष्टिं च दुंदुभिम् ॥ ७६ ॥
स्थिरेतरार्चयोः पादपीठस्याधो यथायथम् । लांछनं दक्षिणे पार्श्वे यक्षं यक्षीं च वामके॥७७॥
गौर्गजोश्वः कपिः कोकः कमलं स्वस्तिकः शशी । मकरः श्रीद्रुमो गंडो महिषः कोलसेधिकौ ॥७८
वज्रं मृगोऽजष्टगरं कलशः कूर्म उत्पलम् । शंखो नागाधिपः सिंहो लांछनान्यर्हतां क्रमात् ७९
सितौ चंद्रांकसुविधी श्यामलौ नेमिसुव्रतौ । पद्मप्रभसुपूज्यौ च रक्तौ मरकतप्रभौ ॥ ८० ॥

हके रत्न उसमे डाले ऊपर छत्र लगावे तब प्रतिमाको सिंहासनपर विराजमान करे । यह विधि प्रतिष्ठाके निर्विघ्न समाप्तिकेलिये कही गई है । सो इसे शुभदिन और शुभ लग्नमे करे ॥ ७४ ॥ ७५ ॥ इसप्रकार वेदीपर सिंहासनमे प्रतिमा विराजमान करनेकी विधि पूर्ण हुई । फिर अर्हंत प्रतिमाको तीन छत्र दो चमर अशोक वृक्ष दुंदुभी बाजा सिंहासन भामंडल दिव्य भाषा पुष्पवर्षा—इन आठ प्रातिहार्योंसे शोभित करे ॥७६॥ उसके बाद स्थिर और चल दोनों प्रतिमाओंमें सिंहासनके नीचे जैसा शास्त्रमे कहा है वैसे ही सीधी बाजूमे भगवानके चिन्हको और बाईं तरफ यक्ष और यक्षीको खडा करे ॥ ७७ ॥ अर्हंतोंके शरीरके चिन्ह क्रमसे बैल १ हाथी २ घोडा ३ बंदर ४ चकवा ५ कमल ६ साथिया ७ चंद्रमा ८ मगर ९ श्रीवृक्ष १० गैंडा ११ भैंसा १२ सूअर १३ सेही १४ वज्र १५ हरिण १६ बकरा १७ मच्छ १८ कलश १९ कछुआ २० कमलकी पांखुरी २१ शंख २२ सर्प २३ सिंह २४—ये चौवीस हैं । इनमेंसे जिस भगवानका जो चिन्ह है उसे सिंहासनके नीचे भागमें खुदाना चाहिये ॥ ७८ ॥ ७९ ॥ ऋष-

सुपार्श्वपार्श्वौ स्वर्णाभान् शेषांश्चालेखयेत्स्मरेत् । न वितस्त्यधिकां जातु प्रतिमां स्वगृहेऽर्चयेत् ८१
स्थिरां स्थाने निवेश्यार्चां चलां वा यागमंडले । प्रतिष्ठाचार्ययष्टारौ स्थापयेतां यथाविधि ८२
नार्चां श्रितानिष्टरूपां व्यंगितां प्राक् प्रतिष्ठिताम् । पुनर्घटितसंदिग्धां जर्जरां वा प्रतिष्ठयेत् ॥८३॥

आदि चौवीसो तीर्थकरोंका रंग क्रमसे कहते हैं—चंद्रप्रभ, पुष्पदंत-ये दोनो सफेद रंगके हैं नेमिनाथ, सुव्रतनाथ-ये काले रंगवाले हैं। पद्मप्रभु, वासुपूज्य इनका लालरंग है। सुपार्श्व पार्श्वनाथ-नीले रंगवाले हैं और बाकी बचे हुए सोलह तीर्थंकरोंका शरीर तपाये हुए सोनेके रंगवाला है। अपने घरके चैत्यालयमे एक बिलस्तसे अधिक परिमाणवाली प्रतिमा नहीं रखे जैनमंदिरमे ही रखकर पूजनकरे ॥ ८० ॥ ८१॥ स्थिर प्रतिमाको अपने पूजनस्थानमे चलप्रतिमाको यागमंडलमे रखकर इंद्र और यजमान विधिपूर्वक प्रतिष्ठा करें ॥ ॥ ८२ ॥ ऐसी प्रतिमा प्रतिष्ठायोग्य नही है कि जो पहलेकी प्रतिष्ठित हो, जिनलिंगके सिवाय दूसरा आकार हो, पहले शिव आदि आकार बना हो फिर फोडके जिनदेवका आकार किया गया हो, अथवा उसके आकारमे संदेह हो कि जिनबिंब है या दूसरा आकार है, और बिलकुल जीर्ण होगई हो ॥ ८३ ॥

---

१ अथात संप्रवक्ष्यामि गृहबिंबस्य लक्षणम् । एकांगुल भवेच्छ्रेष्ठं द्व्यंगुलं धननाशनम् ॥ त्र्यंगुले जायते वृद्धि पीडा स्याच्चतुरंगुले । पंचांगुले तु वृद्धि स्यादुद्वेगस्तु षडंगुले ॥ सप्तांगुले गवा वृद्धिर्हानिरष्टांगुले मता । नवांगुले पुत्रवृद्धिर्धननाशो दशांगुले ॥ एकादशांगुल विंब सर्वकामार्थसाधकम् । एतत्प्रमाणमाख्यातमत ऊर्ध्वं न कारयेत् ॥ इति ग्रंथांतरेऽप्युक्तम् ।

२ द्वादशांगुलपर्यंते यवाष्टांशानतिक्रमात् । स्वगृहे पूजयेद्बिंब न कदाचित्ततोऽधिकम् ॥

श्रुतेन सम्यग्ज्ञातस्य व्यवहारप्रसिद्धये। स्थाप्यस्य कृतनाम्नोंतःस्फुरतो न्यासगोचरे ॥ ८४ ॥
साकारे वा निराकारे विधिना यो विधीयते।न्यासस्तदिदमित्युक्त्वा प्रतिष्ठा स्थापना च सा॥८५

इति प्रतिष्ठालक्षणम्।

स्थाप्यं धर्मानुबंधांगं गुणी गौणगुणोथवा। गुणो गौणगुणी तत्र जिनाद्यन्यतमो गुणी ॥ ८६ ॥
गुणो निःस्वेदतादिः स्याद्बाह्यो ज्ञानादिरांतरः। सोऽर्हतां पंचकल्याणद्वारेणादौ प्रपच्यते॥८७॥
गर्भावतारजन्माभिषेकनिष्क्रमणोत्सवान्। वृत्तान् ज्ञानशिवोद्भवौ भाव्यौ बिंबेर्हतोर्पयेत्॥८८॥
कल्याणे प्रथमे श्रैदी रत्नवृष्टिस्तथोपदा। मातुःश्र्यादिकृतागर्भशोधनादिरुपासना ॥ ८९ ॥

जिसकी स्थापना करना हो उसका स्वरूप शास्त्रसे अच्छीतरह जानकर व्यवहारमे प्रसिद्धिकेलिये पाषाण आदिमे उसके गुणोंके स्मरण करनेको नाम रखना। चाहें वह उसी तरहके आकारवाली मूर्ति हो। या निराकार हो उसे ही प्रतिष्ठा अथवा स्थापना कहते हैं॥८४॥ ॥ ८५ ॥ जिसकी स्थापना की जावे वह गुणी धर्मका कारण हो। उसमे भी अर्हतके गुण बाह्य निःस्वेदता (पसेव रहितपना) आदि हो तथा अंतरंग ज्ञानादि हों। इसी तरह जिसकी मूर्ति हो उसमे उसीके गुणोंकी स्थापना करनी चाहिये। यहांपर सबसे पहले तीर्थंकर प्रभुकी पञ्चकल्याणकोंके द्वारा प्रतिष्ठाविधि वर्णन करते हैं॥८६।८७॥ गर्भावतरण, जन्माभिषेक, तप कल्याणक ज्ञानकल्याणक और मोक्षकल्याणक–ये पंचकल्याणक अर्हतकी प्रतिमामें स्थापनकरे। अर्थात् अप्रतिष्ठित अर्हत प्रतिमाके पांचो कल्याणउत्सव विधिपूर्वक करे ॥ ८८ ॥ पहले गर्भा-

स्वप्नानंदानुबंधश्च प्रभूष्णोर्गर्भसंक्रमः। स्वप्नावलोकनं मातुस्तत्फलश्रवणं तथा ॥ ९० ॥
गर्भशोधनशुश्रूषे देवीभिर्गर्भसंक्रमः। सांगसर्गक्रमः पित्रोः स्थाप्याचेंद्रेशतत्क्रिया ॥ ९१ ॥
द्वितीये स जगत्क्षोभानंदं जन्म जिनेशिनः। निःस्वेदत्वाद्यतिशया विजयाद्यमरीकृते ॥ ९२॥
जनन्युपासनाजातकर्मणी त्रिदशागमः। शच्यार्हतोर्पणं पत्युः सुमेरौ नयनं सुरैः ॥ ९३ ॥
स्नपनं चर्चनं भूषा नामकर्म स्तवक्रिया। नृत्यं नगर्यानयनं राजांगणनिवेशनम् ॥ ९४ ॥
संनिधापनमंबायाः स्तुतिः प्राभृतनर्तने। रक्षादिकं राज्यभोगभुक्तिःस्थाप्येंद्रसेवया ॥ ९५ ॥

वतरण कल्याणकमे कुबेरकृत रत्नोकी वर्षा, देवियोसे की गई माताकी सेवा, श्री आदि षट् कुमारिका देवियोसे की गई गर्भशोधना, स्वप्नोंके देखनेके बाद पतिके पास फल सुनना उसके सुननेसे माताको आनंद, होनेवाले तीर्थकरका गर्भमे आना और इंद्रकर कीगई माता पिताकी पूजा—इतनी विधियां करनी चाहिये ॥ ८९।९०।९१ ॥ दूसरे कल्याणकमे—जगतमे क्षोभ होना आनंद होना, जिनेन्द्र तीर्थकरका जन्म होना, निःस्वेदता आदि जन्मके दश अतिशयोका प्रगट होना, विजया आदि देवियोकर माताकी सेवा जातकर्म संस्कार देवोंका आना, इंद्राणीकर भगवान बालकको इंद्रकी गोदमें सोंपना, भगवान बालकको सुमेरु पर्वतपर लेजाना ॥ ९२।९३ ॥ वहां देवोकर स्नान कराना, आभूषण पहराना, नाम रखना, प्रभुकी स्तुति करना, नृत्य करना नगरीमें लाना राजमहलके आंगनमे पहुंचना माताको बालक सुपुर्द करना फिर इंद्रको नृत्य करना प्रभुकी सेवाकेलिये देवोंको छोड

स्थाप्यस्तृतीये निर्वेदस्तत्प्रशंसा सुरर्षिभिः। दीक्षावृक्षाः सुरैः स्नानाद्युपकारो वनायनम् ९६
दीक्षाग्रहणमिंद्रेण केशप्रत्येषणादिकम्। वस्त्रादित्यजनं ज्ञानचतुष्कोद्भासनं क्रिया ॥ ९७॥
कार्या कल्याणसंस्कारमालामंत्राधिरोपणम्। प्रियंगु सज्जनादीनि तिलकं चाधिवासना ९८
श्रीमुखोद्घाटनं तुर्ये नेत्रोन्मीलनमर्हतः। स्थाप्याश्चांतर्गुणा घातिक्षयजातिशयास्तथा ॥ ९९ ॥
आस्थानमंडलं देवोपनीतातिशयाः पुनः। प्रतिहार्याष्टकं चिह्नं यक्षः शासनदेवता ॥१००॥
कल्याणपंचकारोपव्यक्तिः कंकणमोक्षणम्। सा जाद्भावकृतिःकृत्या महार्घस्यावतारणम् १०१

जाना प्रभुको राज्य भोगना—ये सब विधियां करनी चाहिये ॥ ९४।९५ ॥ तीसरे कल्याणकमें भगवानको वैराग्य होना, लौकांतिक देवोंकर स्तुति, दीक्षावृक्ष, देवताओंकर कराया गया स्नान, पालकीमें विठाके वनको लेजाना भगवानकर स्वयं दीक्षाग्रहण, इंद्रकर लुंचितकेशोंको रत्नपिटारीमें रखके क्षीरसमुद्रमें क्षेपण करना वस्त्रादित्याग, चौथे (मनःपर्यय) ज्ञानका प्रगट होना ॥ ९६। ९७ ॥ अडतालीस मालामंत्रोंका जाप करना इत्यादि ॥ ९८ ॥ चौथे कल्याणकमें—भगवानके मुखका उघाडना नेत्रोन्मीलनक्रिया घातिया कर्मोंके क्षयसे उत्पन्न हुए अनंत ज्ञानादिगुणोंका स्थापन समवशरण वनाना तथा अशोक वृक्षादि अतिशयोंका प्रगट करना आठ प्रातिहार्य यक्ष शासनदेवता—इनको समीप रखना महान अर्घ देना दिव्यध्वनि होना—इत्यादि क्रिया करनी चाहिये ॥ ९९ ॥ ॥ १००।१०१ ॥ पांचवें कल्याणकमें—आठ पत्रोंमें आठ गुणोंको लिखके और पूजके मोक्ष-

तत्कल्याणक्रिया चांत्ये मध्येऽज्ववस्थाभवं गुणान्।पत्रेष्वष्टसु चाभ्यर्च्य ध्मावाचार्यां शिवक्रिया।
समालाद्युत्सवा कार्या ततश्चाभिषवक्रिया । मरुद्विसर्गबल्याशीर्दीक्षामोक्षक्षमापणाः ॥१०३॥
प्रतिष्ठोक्तविधिं सम्यग्विधायारोपयेद् ध्वजम्।प्रासादे तेन भात्येष सर्वेषां स्याच्छुभाय च१०४
स्थाप्यं तु विंबे सिद्धानां सम्यक्त्वादिगुणाष्टकम्।रत्नत्रयं च विधिवच्छेषाणां स्वस्वमंत्रतः१०५
सर्वज्ञवागभिव्यक्तानेकांतात्मार्थसार्थवत् । न्यसेद्वाग्देवतार्चादावंगपूर्वप्रकीर्णकम् ॥ १०६ ॥

क्रिया करनी चाहिये ॥ १०२ ॥ फिर फूलमालाका उत्सव करके प्रभुका अभिषेक करे फिर देवताओंका विसर्जन रथयात्रा संघपतिको आशीर्वाद यज्ञ दीक्षाका छोडना और आये हुए सब सज्जनोंसे क्षमावनी करना ॥ १०३ ॥ इस तरह प्रतिष्ठाशास्त्रमें कही विधिको अच्छी तरह करके जिन मंदिरके ऊपर ध्वजा चढाये। उस ध्वजासे जिन मंदिरकी एक तो शोभा होती है दूसरे राजा प्रजा सबको कल्याण होता है ॥ १०४ ॥ इसप्रकार अर्हंत प्रतिमाकी विधि संक्षेपसे कही गई। इसका विस्तार आगे कहेंगे। अब सिद्ध आदिकी मूर्तिकी प्रतिष्ठाका विधान कहते हैं—सिद्धोंकी प्रतिमामें सम्यक्त्व आदि आठ गुणोंका स्थापन करे और बाकी आचार्य आदि परमेष्ठियोंकी प्रतिमामें विधिपूर्वक अपने २ मंत्रसे सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान सम्यक् चारित्र इन तीन रत्नोंका स्थापन करे ॥ १०५ ॥ सर्वज्ञके मुखकमलसे निकली हुई, गणधरोंकर प्रगट किया गया है अनेकांत स्वरूप पदार्थोंका समूह

१ शक्तिके माफिक द्रव्य देकर भगवानके नामसे फूलमाला लेकर चढाना।

अनंतार्थाक्षरात्मानं पुस्तकार्थमनुस्मरन् । संशोध्य पुस्तकं तच्च वाग्मंत्रेण प्रतिष्ठयेत्॥१०७॥
ध्यात्वा यथास्वं गुर्वादीन्न्यस्येत्तत्पादुकायुगे।निषेधिकायां संन्याससमाधिमरणादि च १०८
यक्षादिप्रतिविंबेषु यंत्रं प्राच्यं च विन्यसेत्।प्रहे तार्कोदये ध्यायन् जात्यादीन् यक्षकर्दमम्१०९
सिद्धचक्रादिपत्रादिप्रतिष्ठाप्येवमूह्यताम् । ग्राह्यः प्राणो ग्रहश्चेंदोः शांते क्रूरे च भास्वतः ॥११०॥

इति प्रतिष्ठेयलक्षणम् ।

जिसका ऐसी सरस्वती देवीकी पूजामें अंग, पूर्व (चौदह पूर्व) प्रकीर्णक (बाह्य अंग) स्वरूप अनंत अर्थ अक्षर स्वरूप शास्त्राकार रचना कराके और उस शास्त्रको सुधवाके सरस्वतीमंत्रसे उसकी प्रतिष्ठा करे । यह शास्त्रप्रतिष्ठा हुई ॥ १०६।१०७ ॥ अब गुरुकी प्रतिमाकी प्रतिष्ठा विधि कहते हैं,—निर्ग्रंथादि गुरुओंका ध्यान करके और उनके संन्यास (समाधि) मरणकी छतरी (एक तरहका मठ) बनवाके उनके चरण युगल (दो) बनावे ॥१०८॥यक्षादि प्रतिमाओंकी प्रतिष्ठामें पंचवर्णके चूर्णसे लिखे यंत्रको सूर्योदयमें चमेली आदि-के पुष्पोंसे पूजे और ध्यावे ॥१०९॥ पत्रपर लिखे हुए सिद्धचक्र यंत्र तथा आदि शब्दसे जंबू-द्वीप त्रैलोक्य श्रुतस्कंध नंदीश्वर आदि लिखे यंत्रोंकी भी प्रतिष्ठा इसी तरह जानना चाहिये ।

---

१ कर्पूरमगुरुश्चैव कस्तूरी चदनं तथा । कंकोलं च भवेदेभिः पंचभिर्यक्षकर्दमम् ॥ २ अनावृतादि यक्ष पद्मावती यक्षीकी प्रतिमा । ३. कपूर अगुरु कस्तूरी चदन ककोल—इन पांचोंको पीसके बनाया गया चूर्ण ।

देशजातिकुलाचारैःश्रेष्ठो दक्षः सुलक्षणः।त्यागी वाग्मी शुचिः शुद्धसम्यक्त्वःसद्व्रतो युवा॥१११
श्रावकाध्ययनज्योतिर्वास्तुशास्त्रपुराणवित्। निश्चयव्यवहारज्ञः प्रतिष्ठाविधिवित्प्रभुः ॥ ११२॥
विनीतः सुभगो मंदकषायो विजितेंद्रियः।जिनेज्यादिक्रियानिष्ठो भूरिसत्त्वार्थबांधवः॥११३॥

शांत देवताकी प्रतिष्ठामे चंद्रप्राण (वांया नाकका स्वर) लेना और क्रूर देवताकी प्रतिष्ठामे सूर्यप्राण (सीधा नाकका स्वर) लेना। चंद्रप्राण और सूर्यप्राणको ही वामनाडी, दक्षिण नाडी कहते हैं ॥११०॥ इसप्रकार प्रतिष्ठायोग्यका लक्षण कहा। अब प्रतिष्ठा करनेवाले प्रतिष्ठाचार्यका लक्षण कहते हैं,-प्रतिष्ठा करनेवालेको सौधर्म इंद्र समझना चाहिये। वह कैसा होवे यह कहते हैं । जिन धर्मकी प्रभावनावाले देशमे उत्पन्न हुआ हो मातापक्ष और पितापक्ष दोनो जिसके उत्तम हों,शास्त्राचार लोकाचार दोनोंको पालने वाला हो,दूसरेका अंतरंग जाननेमें चतुर हो, सामुद्रिक शास्त्रमे कहे गये शरीरके शुभ चिन्होंवाला हो,दानी हो । मिष्ट बोलनेवाला, मन वचन कायसे शुद्ध, निर्दोष सम्यक्त्ववाला, निर्दोष पांच अणुव्रत पालनेवाला और सोलह वर्षसे अधिक उमरवाला जवान हो॥१११॥ श्रावकाचार, चंद्रप्रज्ञप्ति आदि ज्योतिषशास्त्र, स्थलगतचूलिकामें कहेगये महल आदि बनानेके विधानवाले शिल्पिशास्त्र और पुराण(इतिहास)शास्त्रोंका जाननेवाला हो,निश्चयनय व्यवहार-इन दोनोंको जाननेवाला,प्रतिष्ठा विधिका जाननेवाला और तेजस्वी हो ॥११२॥ आयु तप विद्या कुलाचारादिसे अधिक जनोंकी विनय करनेवाला, सबको

१ लोको देश पुर राज्य तीर्थ दान तपोद्वयं । पुराणस्याष्टधाख्येयं गतयः फलमित्यपि ॥

दृष्टसृष्टक्रियो वार्तः संपूर्णांगः परार्थकृत्। वर्णी गृही वा सद्वृत्तिरशूद्रो याजको घुराट्॥११४॥
गुणिनोऽप्यगुणे व्यर्था गुणवत्यगुणा अपि। याजकेऽन्ये कृतार्थाः स्युस्तन्मृग्योऽसौ स्फुरद्गुणः॥११५

प्यारा, मद क्रोध मान माया लोभरूप कषायोंवाला अर्थात् शांत स्वभाववाला, खोटे विषयोंसे इंद्रियोंको रोकनेवाला जितेंद्री, जिनपूजा आदि छह आवश्यक गृहस्थके कर्मोका करनेवाला, दृढ प्रतिज्ञावाला महान् धनवान् वहुत कुटुंववाला हो॥ ११३॥ जिसने प्रतिष्ठाविधि जाननेवालोंसे कराई गई प्रतिष्ठा देखी हो अथवा आप अपने हाथसे की हो, शिल्प आदि विद्यासे जीविका नही करनेवाला, हीन अधिक शरीरके अवयवोंसे रहित संपूर्ण अंगवाला हो, उत्तम प्रयोजन अथवा पराया उपकार करनेवाला हो, आठमूल गुण और वारह उत्तर गुणवाला पहले–ब्रह्मचर्य आश्रमवाला हो या गृहस्थाश्रमवाला हो, ग्रहणकरने योग्य वस्तुको ग्रहण करनेवाला सदाचारी हो शूद्र वर्ण न हो ब्राह्मणादि तीन उत्तम वर्णोंका धारक हो॥ ऐसा प्रतिष्ठा करनेवाला इंद्रसमान प्रतिष्ठाचार्य कहा गया है॥ ११४॥ प्रतिष्ठाविधि करनेवाला आचार्य यदि अपने पूर्वोक्त गुणसहित न हो तो गुणवान् यजमानका भी सर्व नाश कर देता है और पूर्वोक्तगुणोंवाला हो तो गुणरहित–निर्गुणी, प्रतिष्ठामें धन खर्च करनेवाले यजमानको भी कृतार्थ करदेता है–उसके प्रयोजनोंको सिद्ध करदेता है। इसलिए

१ वानप्रस्थ और भिक्षुको प्रतिष्ठा करानेका निषेध है दूसरी जगह ऐसा भी कहा है कि चौथी प्रतिमासे आठवीं प्रतिमा तक पांच प्रतिमावालोंमें कोई हो वही अधिकारी है।

पाक्षिकाचारसंपन्नो धीसंपद्वंधुबंधुरः । राजमान्यो वदान्यश्च यजमानो मतः प्रभुः ॥ ११६ ॥
ऐदंयुगीनश्रुतधृद्धुरीणो गणपालकः । पंचाचारपरो दीक्षाप्रवेशाय तयोर्गुरुः ॥ ११७ ॥

इति इंद्रादिलक्षणम् ।

निश्चित्य लग्नमासन्नं दिवसेषु कियत्स्वपि।सुमुहूर्ते प्रतिष्ठार्थं दातेंद्रं स्वगृहं नयेत् ॥ ११८ ॥

प्रतिष्ठाचार्य उत्तम गुणोंवाला ढूंढना चाहिये और उसीसे प्रतिष्ठा कराना चाहिये अयोग्योंसे कभी नहीं कराना ॥ ११५ ॥ अब प्रतिष्ठामें धन खर्चनेवाले यजमानका लक्षण कहते हैं— पांच पाप तीन मदिरा आदि मकार-इन आठोंको त्यागरूप आठमूलगुण स्वरूप पाक्षिक आचारका धारण करनेवाला हो ज्ञानवैराग्य सहित हो बहुतधन और बंधुजन जिसके अधिकारमें हो लोकमान्य हो राजासे जिसने संमान (इज्जत) पाया हो उदार चित्तवाला दानी हो–ऐसा यजमान होना चाहिए ॥ ११६ ॥ अब दीक्षा देनेवाले आचार्यका स्वरूप कहते हैं—व्यवहार शास्त्रको जानने वाला, श्रुतज्ञानियोंमें मुख्य, साधुसंघका पालनेवाला दर्शनाचार आदि पांच आचारोंके पालनेमें लीन–ऐसा आचार्य; यजमान और प्रतिष्ठाचार्यको इस प्रतिष्ठा करानेकी दीक्षा देनेवाला गुरु कहा गया है ॥११७॥ इस प्रकार इंद्र (प्रतिष्ठाचार्य) यजमान (प्रतिष्ठामें धन खर्चनेवाला) और इस प्रतिष्ठाकार्य करनेकी दीक्षा देनेवाले आचार्यका

---

१ प्रियवाग् दानशीलश्च वदान्यः परिकीर्तितः ।

पुरोगाक्षतपात्रोद्धयोषित्साधर्मिकान्वितः।गत्वा गृहं महेंद्रस्य नत्वेदं पौर्तिको वदेत् ।११९।
न्यायेनोपार्ज्य संरक्ष्य संवर्ध्याहंन्महे धनम् ।विनियुज्य परं श्रेयः प्राप्तुमिच्छामि संप्रति १२०
क्वैतच्च सुमहत्साध्यं क्व चार्यं स्वल्पको जनः।तथाप्यत्र यते योग्या यदि स्युः सहकारिणः १२१
योग्यता चासकृद् दृष्टकर्मणां वोत्र गम्यते। किं परार्थैककार्याणां वः प्रत्यन्यद्वाच्यमस्त्यतः१२२

स्वरूप वर्णन किया। अब इंद्रप्रतिष्ठाकी विधि कहते हैं–प्रतिमा आदिकी प्रतिष्ठा करानेमें धन खर्च करनेवाला यजमान, प्रतिष्ठाके सात आठ दिन वाकी रहनेपर जल्दी आनेवाली शुभ लग्नका निश्चय करके प्रतिष्ठाकी विधि करानेकेलिये शुभ मुहूर्तमें प्रतिष्ठाचार्य–इंद्रके घरको बुलानेके लिये जावे ॥ ११८ ॥ उससमय ऐसे ठाठसे जावे कि स्त्रियां तो अक्षत भरे हुए पात्र हाथमें लिये गातीं हुई आगे जा रहीं हो और साथमें साधर्मी भाई हो। इसप्रकार यजमान प्रतिष्ठाचार्य–इंद्रके घर जाके उसे प्रणाम कर ऐसी प्रार्थना (वीनती) करे॥११९॥ हे जितेंद्रिय! मैंने न्यायसे धन पैदाकर इकट्ठा किया है और उसकी अच्छीतरह रक्षा की है अब मैं उसे अर्हतबिंब प्रतिष्ठाके उत्सवमें लगाकर उत्तम सुख प्राप्त करना चाहता हूं ॥ १२० ॥ कहां तो महान् कठिन यह कार्य और कहां तुच्छ शक्तिवाला मैं, सुमेरु सरसोंका सा फरक है तौ भी आप सरीखे योग्य सत्पुरुष सहायक मिल जांयगे तो वांछित कार्य अवश्य सिद्ध हो जाइगा ॥ १२१ ॥ आपका कईवार यह प्रतिष्ठाकार्य देखा

१ वापीकूपतडागदेवतागृहअन्नपानआराम इत्यादिकं पूर्तं तत्र नियुक्तः पौर्तिकः यजमानः।

११९ संख्यारी उलटके।

इत्यभ्यर्थनया कार्यमंगीकार्य तमालयम् । स्वमानीय चतुष्कोणज्वलद्दीपे सुपूरिते ॥ १२३ ॥
चतुष्के रक्तसद्वस्त्रप्रच्छादितसुविष्टरे । उपवेश्य नदद्वाद्यनादसंगीतमंगलैः ॥ १२४ ॥
कुल्याभी रक्तवस्त्रस्रग्भूषाकाश्मीरचारुभिः । युवतीभिश्चतसृभिश्चंदनं तस्य वर्धयेत् ॥ १२५ ॥
ततः स तैलमारोप्य पीतोद्वर्तनपूर्वकम् । तीर्थमालापाठजिनाद्याशीर्वादरवाकुलम् ॥ १२६ ॥
पीतखल्यापोह्य तैलं परिषेच्य सुखांबुभिः ।सुभोज्यावर्ज्य भूषास्रग्वस्त्रचंदनवंदनैः ॥ १२७ ॥

जाना हुआ है इसलिये आपकी ही योग्यता बहुत अच्छी है । दूसरी बात यह है कि आप दूसरोंका वांछित प्रयोजन सिद्ध कर देते हैं इसलिये हम आपको अधिक क्या कह सकते हैं ॥ १२२ ॥ ऐसी प्रार्थना करके प्रतिष्ठाकार्य करनेकी स्वीकारता (मंजूरी) कराके प्रतिष्ठाचार्य (इंद्र) को अपने घर लाये । वहां चौकी बिछाकर उसपर सिंहासन रक्खे और चौमुखी दीपक जलावे । सिंहासनपर लाल वस्त्र बिछावे उसपर इंद्रको बिठाकर गीत नृत्य बाजोंके साथ लालवस्त्र माला आभूषण चंदनसे शोभायमान चार सधवा जवान स्त्रियोंसे चंदन अंगपर लगवावे ॥ १२३।१२४।१२५ ॥ फिर जिन आदिकी आशींवाद बुलवाता हुआ उस इंद्रके अंगमे पीले उवटने सहित तैल लगवावे फिर पीली खलिसे अंगका तेल दूरकर प्रासुक जलसे स्नान करावे । पुनः स्वादिष्ठ भोजन कराके आभूषण कपड़े चंदन माला आदिसे सजावे । पश्चात् प्रतीद्र सहित उस इंद्रको हाथी या घोड़ेपर चढाकर जैनमंदिरमें लेजावे । उस समय 'निसिहि' ऐसा उच्चारण करके जिनमंदिरमें प्रवेश करे (घुसे) और

सप्तर्तीद्रं तमारोप्य द्विपं चैत्यालयं नयेत्।निसिहीत्युच्चरन्नेष तं प्रविश्य जिनेश्वरम्॥१२८॥
दर्शनस्तोत्रपाठेन त्रिःपरीत्य त्रिरानतः। कृतेर्यापथशुद्धिस्तं श्रुतं सूरिं समर्च्य च ॥ १२९ ॥
साधर्मिकैः परिवृतः सर्वसंघसमक्षतः। जिनाग्रे याजकतया सौधर्मेन्द्रोसि सोधुना ॥ १३० ॥
इत्युच्चैर्वदता दत्तान् समंत्रान् गुरुणाक्षतान्। स्वीकृत्यांजलिनोपांशु मंत्रमुच्चार्य नामितः १३१
स्वमूर्ध्नि विन्यसेत्सोहं सौधर्मेन्द्र इति ब्रुवन्। प्रतिपद्येत चाष्टाहं सैकभक्तं सुनिर्मलम् ॥ १३२ ॥
ब्रह्मचर्यं विविक्ते च सुप्यात्सद्भावनारतः। शलाकापुरुषाख्यानध्यानस्वाध्यायभाग्भवेत् १३३

जिनेंद्र देवकी दर्शन स्तुतिपाठ पूर्वक तीन परिक्रमा देवे और तीनवार नमस्कार करे। फिर ईर्यापथशुद्धि करके शास्त्र और आचार्यकी पूजाकर साधर्मियोंकर घिरा हुआ सब संघके आगे जिनेंद्रदेवके सामने पूजकपनेसे इंद्रको ऐसा कहे कि तुम अब सौधर्म इंद्र हो ऐसा ऊंचेस्वरसे बोले। उस समय इंद्र भी दीक्षागुरुसे दिये गये मंत्रित हुए अक्षतोंको अंजलिमें लेके फिर आप ओं ह्रीं आदि मंत्र पढके मैं वही सौधर्म इन्द्र हूं ऐसा कहता हुआ उन अक्षतोंको अपने मस्तकपर रखे ॥ १२६ । १२७ । १२८ । १२९ । १३० ॥ ॥ १३१ । १३२ ॥ वह इंद्र आठदिनतक एकवार भोजन करे, निर्दोष ब्रह्मचर्य पाले और श्रेष्ठ

---

१ ओं ह्रींऽर्हं असिआउसा णमो अरहंताण अनाहतपराक्रमस्ते भवतु ह्रीं नम स्वाहा। एष मंत्रो गुरुणा प्रयोज्यः।
२ इंद्रेण पुनरत्रैव ते स्थाने मे इति प्रयोज्यम्।

इतोऽग्रे टिप्पणी मन्त्र पठनीय।

प्र
स्व
प८
अ
भवतु

परमेष्ठिश्रुतगुरूनेव वंदेत वर्जयेत्। साधर्मिकसजातीयैरपि पंक्तिं च भोजने ॥ १३४ ॥
तदा प्रभृति यष्टापि ब्रह्मयाजकवच्चरेत्। आयज्ञांतं विशेषेण तदाज्ञां च न लंघयेत् ॥ १३५ ॥
प्रतिष्ठासूचकैर्लेखैः संघं देशांतरादपि। आकारयेद् व्रजेद् द्रष्टुं तां संघोपि यथाबलम्॥१३६॥
वेदीनिवेशादारभ्य यावद्यज्ञांतमात्मवान्। धर्मकारी गुणौचित्यकृपादानपरो भवेत् ॥१३७॥
गर्भरूपो विनेयोस्मीत्याक्षिप्तो गुरुभिर्वदेत्।आक्रुष्टो याचकैश्रेष्टदाने वोस्मि कियानिति॥१३८॥

भावनाओंमे (विचारोंमे) लीन हुआ एकांत जगहमें सोवे और त्रेसठ शलाका पुरुषोंके चरित्रका स्वाध्याय तथा शुभ ध्यानमें लीन रहे ॥१३३॥ पंच परमेष्ठी जैन शास्त्र जैन गुरुओंको ही नमस्कार करे। और अपनी जातिके साधर्मियोके साथ भी एक पंक्तिमें बैठकर भोजन न करे॥ १३४ ॥ उसी समयसे वह यजमान भी प्रतिष्ठाचार्यकी तरह एकवार भोजन ब्रह्मचर्यादिका आचरण करे और पूजाके उत्सवकी समाप्ति तक नियमसे इंद्रकी आज्ञाको पाले, उलंघन नही करे ॥१३५ ॥ वह यजमान प्रतिष्ठाको जाहिर करनेवाले लेखोसे (कुंकुम पत्रिकाओंसे) दूसरे देशोंसे भी सब साधर्मी भाइयोंको बुलावे। पत्रीके पहुंचते समय वे साधर्मी भाई भी अर्हतप्रतिष्ठा देखनेकेलिये शक्तिके माफिक अवश्य जावें ॥ १३६ ॥ वह यजमान वेदी प्रतिष्ठासे लेकर बिंबप्रतिष्ठा तक आत्मज्ञानी होके धर्मके कार्य करता रहे और गुणी जनोंको यथायोग्य दानादि देता रहे और दुःखितोंको करुणादान दे ॥ १३७ ॥ गुरुओंके सामने ऐसा कहे कि मैं नया ही चेला हूं जो कुछ भूल हो

याजका यष्टृवत्सर्वे श्रावकैरपरैरपि। संभाव्या भक्तितः संघोप्याराध्यो धर्मकाम्यया॥ १३९॥
दातृसंघनृपादीनां शांत्यै स्नात्वा समाहिताः।शांतिमंत्रैर्जपं होमं कुर्युरिंद्रा दिने दिने ॥१४०॥
देशकालानुसारेण व्यासतो वा समासतः। कुर्वन् कृत्स्नां क्रियां शक्रो दातुश्चित्तं न दूषयेत् ॥
यथोक्तनिगदद्रव्यैः प्रयुक्तैर्व्यासतः क्रिया। मंत्रमात्रयथाप्राप्तद्रव्यैश्चेष्टा समासतः ॥ १४२ ॥

इति इंद्रप्रतिष्ठा।

वह क्षमा करें और याचकों (मांगनेवाले) से ऐसा कहे कि तुमको इच्छित दान देनेकी मुझमें शक्ति नहीं है ॥ १३८॥ अन्य श्रावक भी उस यजमानकी प्रशंसा करें कि तुमने बहुत अच्छा किया और यह यजमान भी धर्मकी इच्छा रखता हुआ आये हुए सब साधर्मियोंका भक्तिपूर्वक सत्कार करे ॥ १३९ ॥ वे इंद्र प्रतींद्र भी दाता, श्रावकसंघ और राजा आदिको शांति (सुख) मिलनेके लिये प्रतिदिन स्नानकरके शांतिमंत्रोंसे जप और होम अवश्य करें ॥ १४० ॥ वह इंद्र देश और कालका विचार करके विस्तारसे या संक्षेपसे सब प्रतिष्ठाकी क्रियाओंको इसतरह करे कि जिसमें दाता (यजमान) का दिल न दुःखी हो अर्थात् दाताका उत्साह नष्ट न हो और न क्रोध (गुस्सा) उत्पन्न हो ॥ १४१ ॥ यदि शास्त्रमें विस्तारसे कही हुई सब चीजोंके लानेमे खर्च करनेकी सामर्थ्य हो तब तो विस्तारसे प्रतिष्ठाविधि करे अगर उसमे अधिक खर्च करनेकी शक्ति न हो तो शक्तिके माफिक जितना खर्च करसके

इदानीं मण्डपादिनिर्माणमाह-/

सज्जयित्वोपकरणान्याचार्यः कार्यसिद्धये। कृत्वा शांतिविधानं च सूत्रयेन्मंडपादिकम्॥१४३॥
खातेऽधःशोधिते पूर्णे समीकृत्य पवित्रिते। भूभागेऽर्हन्मृजांभोभिश्चारुक्षीरद्रुदारुभिः ॥१४४॥
शुभेह्नि मंडपं चित्रवस्त्रच्छन्नं विधापयेत्। त्र्यादित्रिवर्द्धिष्णुचतुर्विंशत्यंतकरप्रमम् ॥ १४५ ॥
प्रोल्लसच्छल्लकीरंभास्तंभध्वजदलस्रजम्। चतुर्द्वारोर्ध्वकोणस्थशुभ्रकुंभाष्टकोद्भटम् ॥ १४६॥

उसके अनुसार ही संक्षेपसे प्रतिष्ठाविधि करनी चाहिये ॥ १४२ ॥ इसप्रकार इंद्रप्रतिष्ठा-विधि समाप्त हुई। अब मंडप आदि बनानेकी विधि कहते हैं—प्रतिष्ठाचार्य सब सामग्री तयार करके मंडपादिकी निर्विघ्न रचना समाप्तिके लिये लघु या बृहत् शांतिविधान करके मंडप वेदी आदिकी रचना करावे ॥ १४३ ॥ वह इसतरह है कि पहले तो जमीन खुदावे पीछे उसे सोधकर मट्टीसे भरके समतल करे फिर अर्हंत प्रतिमाके गंधोदकसे छिडके। उसके बाद सुंदर—ऊपरसे सूखा कीडे आदिसे नहीं खाया हुआ ऐसा जो उदुम्बर पीपल आदि क्षीरवृक्ष उसकी लकडीसे तथा पांचरंगोवाले वस्त्रसे शुभ मुहूर्तमें मंडप तयार करावे और कमसे कम तीन हाथका मंडप होना चाहिये और एक हाथकी वेदी बननी चाहिये। यह संक्षेप विधि करनेमें जानना। और अधिक विधि करनी हो तो तीन तीन हाथ बढाते जाना अर्थात् छह हाथका मंडप और दो हाथकी वेदी करना। इसतरह सबसे अधिक चौवीस हाथका मंडप और आठ हाथकी वेदी बनाना चाहिये। यह विस्तार विधि करनेके समय जानना ॥१४४॥ ॥ १४५ ॥ उस मंडपमें सल्लकी वृक्ष और केलाके वृक्षके खंभे हों, धुजा हरे पत्तोंकी माला-

तोरणोदारसौंदर्यं नानारत्नांशुकांचितम्। प्रलंबिमुक्तालंबूषहारस्त्रक्तारिकोज्ज्वलम् ॥ १४७ ॥
चंदनच्छटया सिक्तं पुष्पप्रकरदंतुरम् । मुक्तास्वस्तिकविन्यासरंगावलिमनोहरम् ॥ १४८ ॥
कलशादर्शभृंगारयावारादिरमाकुलम् । संधूपधूमगंधांधभृंगझंकारकोमलम् ॥ १४९ ॥

इति मंडपनिर्माणम् ।

अथ वेदी निर्माण —

पूते नवमतन्मध्यभागेऽर्हत्सवनांबुना । एकाद्यष्टांतहस्तासु नंदाद्याख्यासु वेदिषु ॥ १५० ॥

थें चकचकाट कर रही हों चार दरवाजे हों उन दरवाओंके ऊपरकी चोटीपर चूनासे लेप किये गये आठ घड़े रक्खे गये हो ॥ १४६ ॥ वह मंडप शोभायमान वंदनवारोंसे रमणीक हो, माणिक्य आदि पांचरत्नोंसे जड़े हुए कपड़ेसे पूजित हो यानी जरी (सलमासितारा) के बने हुए चंदोएसे चमक रहा हो, मोतियोंके झूमका–हार-मालाओंसे तथा कांसे आदिकी बनी हुई घंटरियोंसे बहुत प्रकाशमान हो । घिसे हुए चंदनकी छींटोंसे युक्त, पुष्पोंसे शोभायमान, मोतियोंके सांतियोकी रचनासे तथा अनेक रंगोकी रचनाओंसे शोभित हो। कलश (घडा) दर्पण, झाडी, बोये हुए जौके अंकुर, छत्र चमर आदि सामग्रीसे सुंदर हो, काले अगर आदिकी बनी हुई दशांग धूपके धुंआंकी सुगंधीसे मस्त हुए भ्रमरोंकी झंकारध्वनीसे रमणीक होना चाहिये ॥ १४७ ॥ १४८ ॥ १४९ ॥

इस प्रकार मंडप बनानेकी विधि समाप्त हुई ।

आगे वेदी बनानेकी विधि बतलाते हैं—अर्हतबिंबके गंधोदकसे नौमा मंडपको

यथास्वमामेष्टिकाभिः कार्या व्याससमायतिः। वेदीव्यासषडंशोच्चा चतुरस्रेशदिक्प्लवा ॥ १५१ ॥
शिलान्यासवदत्रार्चा कृत्वा पंचाममृद्धटान्। आक्रमंतीष्टिकाभिर्यद्वतानुगतिकैव सा ॥ १५२ ॥

इति वेदीनिवर्तनम्।

पूतमृद्गोमयक्षीरवृक्षत्वक्काथहस्तया। संमार्ज्य प्रोक्ष्य लेप्यासौ स्नातालंकृतकन्यया ॥ १५३ ॥

इति वेदीलेपनविधानम्।

मध्यका भाग पवित्र करके उसकी आठों दिशाओंमे नंदा १ सुनंदा २ प्रभा ३ सुप्रभा ४ मंगला ५ कुमुदा ६ पुंडरीका ७ इंद्रावेदी ८—इस तरह आठ वेदी एक हाथ चौड़ाईसे लेकर आठहाथ तक मंडपके अनुसार कच्ची ईंटोंसे वनवावे, चौडाईके समान लंबाई रक्खे, चौड़ाईसे छठे भाग उंचाई रक्खे तथा ईशानकोणमे कुछ नीची रक्खे-इस प्रकार चौकौन वेदी वनवावे ॥ १५० ॥ १५१ ॥ यहांपर शिला रखनेकी तरह पूजा करे और पांच कच्चे मट्टीके घड़े रक्खे ॥ यह पांच घड़े रखनेकी रीति परंपरासे जानना ॥ १५२ ॥ इस प्रकार वेदी बनानेकी विधि पूर्ण हुई। अब वेदीके लीपनेकी विधि कहते हैं-नदीके किनारेकी वामी आदिकी पवित्र मट्टी, पृथ्वीपर नहीं गिरा हुआ पवित्र गोवर और ऊंमर आदि वृक्षोंकी छालका वनाया काढा-इन तीनोंको हाथमे लिये स्नान आभूषणसे तयार ऐसी कन्याओंसे उस वेदीको झड़वाकर और प्रोक्षणमंत्रपूर्वक जलसे छिड़कवाकर लिपवाना

१ ओं क्ष्वां क्ष्वीं क्ष्वूं क्ष्वौं क्ष्वः प्रोक्षणजलाभिमंत्रणम्।

१ वेदीपीठनिर्माणप्राह-।

त्रयोदशांगुलोद्देशे तुर्यवेद्यास्तु कारयेत् । हस्तमात्राणि पीठानि दिक्ष्वन्यासां यथोचितम् १५४
प्राग्मंडपसमं वेदीकर्णिमात्राध्वसंगतम् । ईशानदिशि निर्माप्य मंडपं तत्र कारयेत् ॥ १५५ ॥
वेदीं तस्यैव चार्धेन त्रिभागेणाथवा मिताम् । भांडध्वजास्तोरणाद्यैश्च भूषयेन्मूलवेदिवत् १५६

इति उत्तरवेदीनिवर्तनं ।

खेटासिकोदंडशराकुशाब्ज—चक्रेष्टदानोल्लसिताष्टहस्तम् ।

चतुर्मुखं नंदिगमुत्पलाकभक्तं जपाभं भृकुटिं यजामि ॥ १४९ ॥

ओं ह्रीं भृकुटियक्षाय इदं ... . ।

श्यामस्त्रिवक्त्रो द्रुघणं कुठारं दंडं फलं वज्रवरौ च बिभ्रत् ।

गोमेदयक्षः क्षितशंखलक्ष्मा पूजा नृवाहोऽर्हतु पुष्पयानः ॥ १५० ॥

ओं ह्रीं गोमेदयक्षाय इदं ... .. ।

ऊर्ध्वद्विहस्तधृतवासुकिरुद्भटाधः सव्यान्यपाणिफणिपाशवरप्रणंता ।

श्रीनागराजककुदं धरणोऽभ्रनीलः कूर्मश्रितो भजतु वासुकिमौलिरिज्याम् १५१

ओं ह्रीं धरणयक्षाय इदं . ।

मुद्गप्रभो मूर्धनि धर्मचक्रं बिभ्रत्फलं वामकरेथ यच्छन् ।

वरं करिस्थो हरिकेतुभक्तो मातंगयक्षोंगतु तुष्टिमिष्टया ॥ १५२ ॥

सि " इत्यादि तथा ओं ह्रीं बोलकर भृकुटि यक्षको अर्घ चढावे ॥ १४९ ॥ " श्यामस्त्रि " इत्यादि तथा ओं ह्रीं पढकर गोमेदयक्षको अर्घ चढावे ॥ १५० ॥ " ऊर्ध्वद्विहस्त " इत्यादि तथा ओं ह्रीं बोलकर धरणयक्षको अर्घ चढावे ॥ १५१ ॥ " मुद्गप्रभो " इत्यादि तथा ओं ह्रीं

ओं ह्रीं मातगयक्षाय इदं ... . ।

इत्थं योग्योपचारव्यतिकरपरमो जागरान् गृहाग्रव्यापाराः
शश्वदर्हत्प्रभुसमयमहस्तायिनो यक्षमुख्याः ।
तद्भक्तोद्धर्षहर्षाप्लुतजलधिनिरुच्छ्वासलीलावगाह
प्रत्यूहापोहकृद्वचः सृजतु परमसौपर्वपूर्णाहुतिर्वः ॥ १५३ ॥

पूर्णाहुतिः । इति चतुर्विंशतियक्षार्चनविधानम् । अथ चतुर्विंशतिपत्राग्रस्थापितशासनदेवतार्चनम् ।

संभावयंति वृषभादिजिनानुपास्य तद्धामपार्श्वनिहिता वरलिप्सवो याः ।
चक्रेश्वरीप्रभृतिशासनदेवतास्ताः द्विर्द्वादशादलमुखेषु यजे निवेश्य ॥ १५४ ॥

चतुर्विंशतिशासनदेवतासमुदायपूजाविधानाय पूर्वविधिं विदध्यात् ।

यक्षयः संशब्दये युष्मानायात सपरिच्छदाः । अत्रोपाविशतैता वो यजे प्रत्येकमादरात् १५५

बोलकर मातंगयक्षको अर्घ चढावे ॥ १५२ ॥ "इत्थं योग्यो" इत्यादि श्लोक पढकर पूर्णार्घ दे ॥१५३॥ इसप्रकार चौवीस यक्षोंकी पूजाका विधान हुआ । अब चौवीस पत्रोंके अग्रभागमें स्थापित शासनदेवताओंकी पूजा कहते है । "संभावयान्ति" इत्यादि श्लोक पढकर चौवीस शासनदेवताओंकी समुदायपूजाकेलिये पूर्व कही हुई विधि करे ॥ १५४ ॥ "यक्ष्य " ...

आवहनादिपुरस्सरप्रत्येकपूजाप्रतिज्ञानाय पत्राग्रेषु पुष्पाक्षतं क्षिपेत् । अथ प्रत्येकपूजा ।

भर्माभाद्य करद्वयालकुलिशा चक्रांकहस्ताष्टका
सव्यासव्यशयोल्लसत्फलवरा यन्मूर्तिरास्तेंबुजे ।
तार्क्ष्ये वा सह चक्रयुग्मरुचकत्यागैश्चतुर्भिः करैः
पंचेष्वास शतोन्नतप्रभुनतां चक्रेश्वरीं तां यजे ॥ १५६ ॥

ओं ह्रीं अप्रतिहतचक्रे देवि इद .. .. ।

स्वर्णद्युतिशखरथांगशस्त्रा लोहासनस्थाभयदानहस्ता ।
देवं धनुः सार्धचतुःशतोच्चं वंदारुवीष्टामिह रोहिणीष्टेः ॥ १५७ ॥

ओं ह्रीं अजितदेवि इदं ... . ।

पक्षिस्थार्धेंदुपरशुफलासीढीवरैः सिता । चतुश्चापशतोच्चार्हद्भक्ता प्रज्ञप्तिरिज्यते ॥ १५८ ॥

श्लोक बोलकर आवाहन आदि पूर्वक हरएककी पूजा करनेकी प्रतिज्ञाके लिये पत्रके अग्रभागमें पुष्प अक्षत क्षेपण करे ॥ १५५ ॥ अब प्रत्येककी पूजा कहते है-" भर्मा " इत्यादि तथा "ओं ह्रीं" बोलकर चक्रेश्वरी देवीको जल आदि आठ द्रव्य चढावे ॥ १५६ ॥ "स्वर्णद्युति" इत्यादि तथा "ओं ह्रीं" बोलकर अजितादेवीको जलादि द्रव्य चढावे ॥ १५७ ॥ "पक्षिस्था"

ओं ह्रीं नम्रे देवि इद ... ... ।

सनागपाशोरुफलाक्षसूत्रा हंसाधिरूढा वरदानुयुक्ता ।
हेमप्रभार्धत्रिधनुः शतोच्चतीर्थेशनम्रा पविमृंखलार्चाम् ॥ १५९ ॥

ओं ह्रां दुरितारि देवि इद ... ... ।

गजेंद्रगावज्रफलोद्यचक्रवरांगहस्ता कनकोज्ज्वलांगी ।
गृह्णानुदंडत्रिशतोन्नतार्हन्नताचर्ना स्वज्ञवरार्च्यते त्वम् ॥ १६० ॥

ओं ह्रीं मोहिनि देवि इद.. ... . ।

सिता गोवृषगा घंटां फलशूलवरान्वृताम् । यजे कालीं द्विको दंडशतोच्छ्रायाजिनाश्रयाम् ॥

ओं ह्रीं मानवेदाव इद .... ।

चंद्रोज्ज्वलां चक्रशरासपाश चर्मत्रिशूलेषुझषासिहस्ताम् ।

इत्यादि तथा "ओं ह्रीं" बोलकर नम्रादेवीको जलादि द्रव्य चढावे ॥ १५८ ॥ "सनाग" इत्यादि तथा "ओं ह्रीं" बोलकर दुरितारि देवीको अर्घ चढावे ॥ १५९ ॥ "गजेंद्र" इत्यादि तथा "ओं ह्रीं" बोलकर मोहिनी देवीको जलादि चढावे ॥ १६० ॥ "सिता" इत्यादि तथा "ओं ह्रीं" बोलकर मानव देवीको जलादि चढावे ॥१६१ ॥ "चंद्रो" इत्यादि

श्रीज्वालिनीं सोर्धधनुःशतोच्चजिनानतां कोणगतां यजामि ॥ १६२ ॥

ओं ह्रीं ज्वालामालिनीदेवि इद . . . . ।

कृष्णा कूर्मासनाधन्वशतोन्नजिनानता । महाकालीज्यते वज्रफलमुद्गरदानयुक् ॥ १६३ ॥

ओं ह्रीं भृकुटि देवि इद. . . . . ।

झषदामरुचकदानोचितहस्तां कृष्णकालगां हरिताम् ।

नवतिधनुस्तुगाजिनप्रणतामिह मानवीं प्रयजे ॥ १६४ ॥

ओं ह्रीं चामुंडे देवि इद . . . . ।

समुद्गराब्जकलशां वरदां कनकप्रभाम् । गौरीं यजेशीतिधनुः प्रांशु देवीं मृगोपगाम १६५

तथा "ओं ह्रीं" बोलकर ज्वालामालिनीदेवीको जलादि द्रव्य चढावे ॥ १६२ ॥ "कृष्णा" इत्यादि तथा "ओ ह्री" पढकर भृकुटि देवीको जलादि चढावे ॥ १६३ "झष" इत्यादि तथा "ओ ह्रीं" कहकर चामुंडा देवीको जलादि चढावे ॥ १६४ ॥ "समुद्ग" इत्यादि तथा ओ ह्रीं कहकर गोमेधकिदेवीको जलादि अष्टद्रव्य चढावे ॥ १६५ ॥ "सपद्म" इत्यादि

ओं ह्रीं गोमधकि देवि इदं... .... ।

सपन्नमुसलांभोजदाना मकरगा हरित् । गांधारी सप्ततीष्वास तुंगप्रभुनताच्यंते ॥ १६६ ॥

ओं ह्रीं विद्युन्मालिनि देवि इद......... .... ।

षष्टिदंडोच्चतीर्थेशनता गोनसवाहना । ससर्पचापसर्पेषुर्वैरोटी हरिताच्यंते ॥ १६७ ॥

ओं ह्रीं विद्यादेवि इद ... ... ।

हेमाभा हंसगा चापफलबाणवरोद्यता । पंचशच्चापतुंगार्हद्भक्ता नतमतीज्यते ॥ १६८ ॥

ओं ह्रीं कुंभिणि देवि इदं.... .... ।

सांबुजधनुदानांकुशशरोत्पला व्याघ्रगा प्रवालानिभा ।
नवपंचकचापोच्छ्रिताजिननम्रा मानसीह मान्येत ॥ १६९ ॥

तथा "ओंह्रीं" कहकर विद्युन्मालिनीदेवीको जलादि चढावे ॥ १६६ ॥ षष्टि" इत्यादि तथा ओंह्री" बोलकर विद्यादेवीको जलादि द्रव्य चढावे ॥ १६७ ॥ "हेमाभा" तथा ओंह्रीं" बोलकर कुंभिणिदेवीको जलादि द्रव्य चढावे ॥ १६८ ॥ "सांबुज" इत्यादि तथा "ओंह्रीं"

ओं ह्रीं परभृते देवि इदं........ .... ।

चक्रफलेढिवरांकितकरां महामानसीं सुवर्णाभाम् ।
शिखिगां चत्वारिंषद्धनुरुन्नताजिनमतां प्रयजे ॥ १७० ॥

ओं ह्रीं कंदर्पदेवि इदं.. .... ।

सचक्रशंखासिवरां रुक्माभां कृष्णकोलगाम् । पंचत्रिंशद्धनुस्तुग् जिननम्रां यजे जयाम्॥१७१

ओं ह्रीं गांधारिणी देवि इदं... .... ।

स्वर्णाभां हंसगां सर्पमृगवज्रवरोद्धुराम् । चाये तारावतीं त्रिंशच्चापोच्चमभ्रभाक्तिकाम्॥१७२॥

ओं ह्रीं कालिदेवि इदं........ .... ।

पंचविंशतिचापोच्चदेवसेवापराजिता । शरभस्थार्च्यते खेटफलासिवरयुक् हरित् ॥ १७३ ॥

ओं ह्रीं मनजातदेवि इदं................................ ।

बोलकर परभृतादेवीको जल आदि चढावे ॥ १६९ ॥ "चक्रफले" इत्यादि तथा "ओंह्रीं" बोलकर कंदर्पदेवीको जल आदि चढावे ॥ १७० ॥ "सचक्र" इत्यादि तथा "ओंह्रीं" बोलकर गांधारिणी देवीको जल आदि चढावे ॥ १७१ ॥ "स्वर्णाभां" इत्यादि तथा "ओंह्रीं बोलकर काली देवीको जल आदि चढावे ॥ १७२ ॥ "पंचविंशति" इत्यादि तथा "ओंह्रीं" बोलकर मनजातदेवीको जल आदि चढावे ॥ १७३ ॥ "पीतां" इत्यादि तथा

पीतां विंशतिचापोच्चस्वामिका बहुरूपिणीम् । यजे कृष्णाहिगां खेटफलखड्गवरोद्धराम् ॥ १७४॥

ओं ह्रीं सुगंधिनि देवि इदं .... ।

चामुंडा यष्टिखेटाक्षसूत्रखड्गोत्कटा हरित् । मकरस्थार्च्यते पंचदशदंडोन्नतेशभाक् ॥ १७५ ॥

ओं ह्रीं कुसुममालिनि देवि इदं........................ ।

सव्येकद्युपगप्रियंकर सुतुक् प्रीत्यै करे बिभ्रतीं
दिव्याम्रस्तबकं शुभंकरकराश्लिष्टान्यहस्तांगुलिम् ।
सिंहे भर्तृचरे स्थितां हरितभामाम्रद्रुमच्छायगां
वंदारुं दशकार्मुकोच्छ्रयजिनं देवीमिहाम्रां यजे ॥ १७६ ॥

ओं ह्रीं कूष्मांडिनि देवि इदं........................ ।

येष्टुं कुर्कटसर्पगात्रिफणकोत्तंसा द्विषो यात षट्
पाशादिः सदसत्कृते च धृतशंखास्पादिदो अष्टका ।
तां शांतामरुणां स्फुरच्छृणिसरोजन्माक्षव्यालांबरां
पद्मस्थां नवहस्तकप्रभुनतां यायज्मि पद्मावतीम् ॥ १७७ ॥

"ओंह्रीं" बोलकर सुगंधिनिदेवीको जल आदि चढावे ॥ १७४॥ "चामुंडा" इत्यादि तथा "ओंह्रीं बोलकर कुसुममालिनीको जल आदि चढावे ॥ १७५ ॥ "सव्ये" इत्यादि तथा "ओंह्रीं बोलकर कूष्मांडिनी देवीको जल आदि द्रव्य चढावे ॥ १७६ ॥ "येष्टुं" इत्यादि

ओं ह्रीं पद्मावतीदेवि इदं... . .. . ।

सिद्धायिका सप्तकरोच्छ्रितांगजिनाश्रयां पुस्तकदानहस्ताम् ।
श्रितां सुभद्रासनमत्र यज्ञे हेमद्युतिं सिंहगतिं यजेहम् ॥ १७८ ॥

ओं ह्रीं सिद्धायिनि देवि इदं . .. . ।

इत्यावर्जितचेतसः समुचितैः सन्मानदानैः स्फुरन्
स्यात्कारध्वजशासनद्विषदपक्षेपोच्छलद्युक्तयः ।
यक्ष्यं संघनृपादिलोकविपदुच्छेदादिहार्हन्महे
कुर्वाणाः सहकारितां सममिमां गृह्णंतु पूर्णाहुतिम् ॥ १७९ ॥

पूर्णाहुतिः । इति शासनदेवतार्चनविधानम् । अथ द्वारपालानुकूलनम् ।

सोमयमवरुणधनदा जिनदेवीद्वारपालननियुक्ताः ।
स्वं स्वमिहैत्य नियोगं कुर्वन्त्यः को न वः स्पृहयेत् ॥ १८० ॥

सोमादिद्वारपालसामुख्यविधानाय दिक्षु पुष्पाक्षत क्षिपेत् ।

तथा "ओंह्रीं" बोलकर पद्मावती देवीको जल आदि द्रव्य चढावे ॥१७७॥ "सिद्धायिकां इत्यादि तथा "ओंह्रीं" बोलकर सिद्धायिनी देवीको जल आदि आठ द्रव्य चढावे १७८॥ "इत्यावर्जित" इत्यादि श्लोक कहकर आठ द्रव्यसे सबको पूर्णार्घ दे ॥ १७९ ॥ इस प्रकार

कोदंडकांडस्फुटहृष्टिमुष्टिमकृद्रटोद्भव्यकथानुरक्तम् ।
वेद्याः पुरो द्वारमिमामवंतं सोमोपगृह्णाम्युचितैर्भवंतम् ॥ १८१ ॥

ओं धनुर्धराय अर अर त्वर त्वर हूं सोम आगच्छागच्छ इदं जलं.. ..... ।

द्विद्वर्गदंडोद्यतचंडदंडं प्रचंडसामाजिकसंकथास्थम् ।
वेदिप्रतीहारमपाच्यमेतं पांतं यम त्वामनुकूलयामि ॥ १८२ ॥

ओं दंडधराय अर २ त्वर २ हूं यम आगच्छागच्छ इदं ... . ।

विषाक्तजिह्वायुगलीढसृक्कस्फुलिंगवात्युग्रभुजगरज्जुः ।
प्रतीच्यवेदीमुखदत्तभृत्यव्रतः प्रचेतः कुरु चारुचेतः ॥ १८३ ॥

ओं पाशधराय अर २ त्वर २ हू वरुण आगच्छागच्छ इदं .... ।

शासनदेवताओंका पूजन समाप्त हुआ । अब द्वारपालोंको अनुकूल करते है । "सोम" इत्यादि श्लोक बोलकर उन सोम आदिको सन्मुख करनेके लिये दिशाओंमें पुष्प अक्षतको बखेरै ॥ १८० ॥ "कोदंड" इत्यादि तथा "ओंधनु" इत्यादि बोलकर सोमको जल आदि आठ द्रव्य चढावे ॥१८१ ॥ "त्रिद्वर्ग" इत्यादि तथा "ओं दंड" इत्यादि बोलकर यमको जल आदि चढावे ॥ १८२ ॥ "विषाक्त" इत्यादि तथा "ओं पाश" इत्यादि बोलकर वरुणको जल आदि चढावे ॥ १८३ ॥ 'इतस्ततो" इत्यादि तथा "ओं गदा" इत्यादि बोलकर

इतस्ततो नाभिगिरेः सगर्भां गदां सलीला भ्रमयन्नुदीच्ये ।
द्वारे निषण्णोनुचरैर्वितर्दैः कुबेर वीरानुसरोपचार ॥ १८४ ॥

ओं गदाधराय अर २ त्वर २ हू कुबेर आगच्छागच्छ इद...... ।

एवं प्रियाकृताः सोमप्रमुखा द्वास्थकुंजराः । क्षुद्रान् क्षिपंतो विशतः सलुनु मन्वताम् ॥ १८५ ॥

पुष्पांजलिः । इति द्वारपालानुकूलनाविधानम् । अथ दिक्पालानुकूलनम् ।

वा१८८

इंद्राग्निश्राद्धदेवाः शरपतिवरुणस्पर्शनश्रीदरुद्राः
पूर्वाद्याशासु वेद्यास्त्रिजगदधिपतेः प्राप्तरक्षाधिकाराः ।
तद्यज्ञेस्मिन्भवात्मप्रयति विहरतामेत्य पल्यादियुक्ता
विघ्नंतो यथास्वं वितनुत समयोद्योतमौचित्य कृभ्याः ॥ १८६ ॥

इंद्रादिदिक्पालानामावाहनादिपुरस्सराध्येषणाय दिक्षु पुष्पाक्षत क्षिपेत् । अथ पृथगिष्टि. ।

रूप्याद्रिस्पर्द्धिघंटायुगपटुकटुटंकारनानिशुंभ—
कूपासख्यातिचित्रोज्ज्वलविलसल्लक्ष्मवर्ष्मद्वयस्थं ।

कुबेरको अर्घ आदि चढावे ॥ १८४ ॥ "एवं प्रिया" इत्यादि बोलकर पुष्पोंको क्षेपण करे ॥ १८५ ॥ इसतरह द्वारपालोंको अनुकूलकरनेकी विधि हुई । अब दिक्पालोंको प्रसन्न करनेकी विधि कहते हैं । "इंद्रादि" इत्यादि श्लोक बोलकर इंद्र आदि दिक्पालोंका आवाहन आदि करनेके लिये चारोंतरफ पुष्प अक्षत क्षेपण करे ॥ १८६ ॥ अब इनकी जुदी जुदी पूजा

रूप्यत्सामानिकादित्रिदशपरिवृतं रूच्यसंच्यादि देवी
लोलाक्षं वज्रभूषोद्भटसुभगरुचं प्रागिहेंद्रं यजामि ॥ १८७ ॥

ओं ह्रीं इन्द्र आगच्छागच्छ इंद्राय स्वाहा... ....।

रुक्माकृघुर्घुरस्रगलचटुकपृथुमायभृंगाभतुंग—
स्थं रौद्रपिंगेक्षणयुगममलं ब्रह्मसूत्रं शिखाग्रम् ।
कुंडी वामप्रकोष्ठे दधतमितरपाण्यात पुण्याक्षसूत्रं
स्वाहान्वीतं धिनोमि श्रुतिमुखरसभं प्राच्यपाच्यंतरेऽग्निम् ॥ १८८ ॥

ओं ह्रीं अग्ने आगच्छागच्छ अग्नये स्वाहा ।

कल्पांताब्दोघजेत्र त्रिगुणफणिगुणोद्ग्राहितग्रैवघंटा
टंकारात्युग्रसृंगक्रमहतभधरव्रातरक्ताक्षसंस्थं
चंडार्चिः कांडदंडोद्धुमरकरमतिक्रूरदारादिलोक
कार्ष्ण्योद्रेकं नृशंसं प्रथममथ यम दिश्यपाच्यां यजामि ॥ १८९ ॥

कहते हैं ॥ "रूप्यादि" इत्यादि तथा "ओंह्रीं" बोलकर इंद्रको पूजाद्रव्य चढावे ॥१८७॥
"रुक्मा" इत्यादि तथा "ओंह्री" इत्यादि बोलकर अग्निको पूजाद्रव्य चढावे ॥ १८८ ॥
"कल्पांता" इत्यादि तथा "ओंओं" इत्यादि बोलकर यमको पूजाद्रव्य चढावे ॥ १८९ ॥

ओं आ क्रों ह्रीं यमागच्छागच्छ यमाय स्वाहा ।

आरूढं धूमधूम्रायतविकटसटास्ताग्रदिक्रूक्षरूक्ष्मा
लक्षाक्षावशिष्टास्फुटरुदितकला योद्गमाभांगमृक्षम् ।
क्रूरक्रव्यातपरीतं तिमिरचयरुचं मुद्गरक्षुण्णरौद्र-
क्षुद्रौघं त्रात याम्या परहरतमहं नैर्ऋतं तर्पयामि ॥ १९०

ओं आं क्रौं ह्रीं नैर्ऋत्यागच्छागछ नैर्ऋत्याय स्वाहा ।

नित्यांभः कोलिपांडूत्कटकापिलविशच्छेदसोदर्यदंत-
प्रोत्फुल्यत्पक्ष्मखेलत्करकरिमकरव्योमयानाधिरूढम् ।
प्रेंखन्मुक्ताप्रवालाभरणभरमुपस्थाद्दाराहताक्षं
स्फूर्जद्भीमाहिपासं वरुणमपरादिग्रक्षणं प्रीणयामि ॥ १९१ ॥

ओं आ क्रों ह्रीं वरुणागच्छागच्छ वरुणाय स्वाहा ।

वल्गच्छृंगाग्रभिन्नांबुदपटलगलत्तोयपीतश्रमाभ्र
प्लुत्यस्तस्वांतरंहः खुरकाषितकुलग्रावसारंगयुग्यम् ।

"आरूढं" इत्यादि तथा "ओं" इत्यादि बोलकर नैर्ऋत्यको अर्घ चढावे ॥ १९० ॥
नित्यांभ" इत्यादि तथा" ओ आं" इत्यादि पढकर वरुणको अर्घ चढावे ॥ १९१ ॥" वल्ग"

व्याकोलद्रावयंभं त्रिजगदसुधृतिव्यग्रमुग्रद्रुमाखं
सर्वार्थानर्थसर्गप्रभुमनिलमुदक् प्रत्यगंतः प्रणौमि ॥ १९२ ॥

ओं आं क्रों ह्रीं अनिलागच्छागच्छ अनिलाय स्वाहा ।

हांसोघो नाह्यमानं पवननरिवृतत्केतुपंक्ति विमानं
स्वारूढः पुष्पकाख्यं क्रमसखरसनादामयुक्ताकलापः ।
अग्राम्योद्दामवेषः सुललितधनदेव्यादिवक्राब्जभृंगः
शक्तीभिन्नारिमर्मा भजतु बलिमुदग्भुक्तिवीरः कुबेरः ॥ १९३ ॥

ओं आ क्रों ह्रीं कुबेरागच्छागच्छ कुबेराय स्वाहा ।

सास्नावाचालकिंकिण्यनणुरणनझणत्कारमंजीरसिंजा
रम्योच्चशृंगहेलाविहरदुरुशरच्चंद्रशुभ्रर्षभस्थम् ।
भास्वद्भूषाभुजंगभुजगासितजटाकेतकार्द्धेंदुचूलं
दधत्शूलं कपालं सगणवमिहार्चामि पूर्वोत्तरेशम् ॥ १९४ ॥

ओं आ क्रों ह्रीं ईशानागच्छागच्छ ईशानाय स्वाहा ।

इत्यादि तथा "ओं आं" इत्यादि बोलकर वायुको अर्घ चढावे ॥१९२॥ "हांसो" इत्यादि तथा "ओं" इत्यादि पढकर कुबेरको अर्घ चढावे ॥ १९३ ॥ "सास्ना" इत्यादि तथा "ओं" इ-

इत्यर्हन्मदुसामवायिकनयाह्वानादियोग्यक्रमे—
दिक्पालाः कृततुष्टयः परिजनोत्कृष्टश्रियोष्टाप्यमू ।
दृष्ट्वा कामदमर्हदध्वरमरं दिक्चक्रमाक्रामतो
भव्यान् संदधतः शुभैः सह भजंत्वेतर्हि पूर्णाहुतिम् ॥ १९५ ॥

पूर्णाहुतिः । इति दिक्पालार्चनविधानम् । अथ दिक्चतुष्टयनिविष्टप्रभावनोद्भटयक्षानुकूलनम् ।

प्रभु भक्तुमिहागत्य प्राचीं चिन्वान्निजश्रिया । बलिं विजययक्षेश मंत्रपूतां स्वसात्कुरु ॥१९६॥

ओं ह्मल्र्व्यूं विं विजययक्ष बलिं गृहाण गृह्ण गृह्ण स्वाहा ।

अत्रापाचीमलंकृत्य भजमानो जगत्पतिम् । यथार्हबलिसंतुष्टो वैजयंत जयंत नु ॥ १९७ ॥

ओं ह्मल्र्व्यूं वैं वैजयंत बलिं ... ... ।

देवाधिदेवसेवार्थे प्रतीचीं दिशमास्थितः । बलिदानेन संप्रीतो जयंत जय दुर्जयान् ॥ १९८ ॥

ॐ ह्मल्र्व्यूं जं जयंत बलिं ... ... ।

त्यादि कहकर ईशानको अर्घ चढावे ॥ १९४ ॥ "इत्यर्ह" इत्यादि बोलकर पूर्णार्घ चढावे ॥ १९५ ॥ इसतरह दिक्पालोंकी पूजाविधि पूर्ण हुई । अब चारों दिशाओंके यक्षोंका सत्कार करते हैं । "प्रभुं" इत्यादि तथा "ओं" इत्यादि बोलकर विजययक्षको अर्घ चढावे ॥ १९६ ॥ "अत्रापा" इत्यादि तथा "ओं" इत्यादि बोलकर वैजयंतको अर्घ चढावे ॥ १९७ ॥ "देवाधि" इत्यादि तथा "ओं" इत्यादि बोलकर जयंतको अर्घ चढावे ॥ १९८ ॥ "उदीचीं" इत्यादि

उदीचीं भूषयन् भूत्या सर्वज्ञोपासनोत्सुकः। अपराजित यक्ष त्वं प्रीयस्व बलिनामुना॥१९९॥

ॐ क्ष्म्ल्व्र्यूं अं अपराजित बलि.... .... ।

एव संमानिता यूयं जिनेंद्रसमये रताः। प्रतिष्ठासमयेऽमुष्मिन् यतध्वं विश्वशांतये ॥ २०० ॥

पूर्णाहुतिः। इति विजयादियक्षानुकूलनविधानम्। अथैशानदिश्यनावृतार्चनम्।

जंबूवृक्षस्य नानामणिमयवपुषः प्राज्यजंबूद्रुतस्य
प्राक्शाखामावसंत नवजलदरुचं पक्षिराजाधिरूढम्।
कुंडीशंखाक्षमालारथचरणकरं त्राणनिःशेषजंबू—
द्वीपश्रीकं यजेस्मिन् विधुरविधुतयेनावृतं व्यंतरेंद्रम् ॥ २०१ ॥

ओं दशदिशाधिनाथं त्रैलोक्यदंडनायक जंबूद्वीपाधिपतिं गरुडपृष्ठमारूढं स्निग्धभिन्नाजनाभमक्षसूत्रकमंडलुव्यग्रहस्त चतुर्भुज शंखचक्रविधृतभुजादंडं यक्षिणीसहित सपरिजन सपरिवारमनावृत देवं समाह्वयामीह स्वाहा हे अनावृतागच्छागच्छ अनावृताय स्वाहा अनावृतपरिजनाय स्वाहा।

तथा "ओं" इत्यादि बोलकर अपराजितको अर्घ चढावे ॥ १९९ ॥ "एवं समा" इत्यादि श्लोक बोलकर पूर्णार्घ चढावे ॥ २०० ॥ इस प्रकार विजयादि यक्षोंका सत्कार हुआ। अब ईशानदिशाके अनावृत यक्षकी पूजा कहते हैं। "जंबूवृक्ष" इत्यादि तथा "ओं दश" इत्यादि पढकर जल आदि अष्ट द्रव्य चढावे ॥ २०१ ॥ "ब्रह्मांते" इत्यादि तथा "ओ ह्रीं" बोलकर

ब्रह्मांते दिक्षु रुद्राद्यधिपतिषु समाग्न्यामसूर्याभपूर्व—
द्विद्विस्वर्भूगणैकोचरभूतिषु वसंत्यष्ट सारस्वताद्याः।
यद्वर्गास्ते स्वतंत्राः क्षतविषयतृषो भाविजन्माप्यमोक्षाः
पूर्वज्ञा मेघ लौकांतिकसुरमुनयस्तीर्थकृच्छंसिनोऽर्च्याः ॥ २०२ ॥

ओं ह्रीं लौकांतिकदेवेभ्यः पुष्पाजलिं निर्वपामीति स्वाहा। ब्रह्मेंद्रोपरि देवर्षिपुष्पांजलिः।

मुख्योपचारिकचरित्रचितोरुपुण्यपाकाप्तखस्थसितरत्नविमानवासान्।
अर्हत्प्रतिष्ठितिमिमामनुमोदमानान् संमानयामि कुसुमांजलिनाहमिंद्रान् ॥ २०३ ॥

ओं ह्रीं अहमिंद्रदेवेभ्य पुष्पाजलिं निर्वपामीति स्वाहा। अच्युतेंद्रोपरि अहमिंद्रपुष्पांजलिः।

अथ विधिशेषम्।

पूर्वादिदिक्षु वेद्या मंगलशांतिकजयेष्टसिद्ध्यर्थम्।
मंगलशस्त्रपताकाकलशानथ योजयेष्टशः क्रमशः॥ २०४ ॥

मंगलादिस्थापनाप्रतिज्ञानाय दिक्षु पुष्पाक्षत क्षिपेत्।

लौकांतिक देवोंके लिये पुष्पोंको चढावे ॥ २०२ ॥ "मुख्यो" इत्यादि तथा "ओं ह्रीं" बोलकर अहमिन्द्र देवोंके लिये पुष्पांजलि चढावे ॥ २०३ ॥ अब शेष विधान कहते हैं। "पूर्वादि" इत्यादि श्लोक पढकर मंगल आदि आठ द्रव्योंकी स्थापनाके लिये दिशाओंमें पुष्प अ-

छत्राब्दध्वजचामरयुगतोरणतालवृंतनंद्यावर्तम् ।
दीपं च प्रणवमुखं न्यसामि मंत्रार्पितं श्रियै स्वाहांतम् ॥ २०५ ॥

ॐ श्वेतछत्राश्रियै स्वाहा । एवमन्येष्वपि मंगल्यष्टकस्थापनम् ।

दधती पविमिंद्राणी चक्रं वैष्णव्यसिं च कौमारी ।
सीरं वाराही मुशलं ब्रह्माणी गदां महालक्ष्मी ॥ २०६ ॥
शक्तिं चामुंडायाग्नि माहेशी भिंडमालमाग्नंतु ।
विघ्नान् प्रणवमुखाख्या गर्भस्वाहांतमंत्रविन्यस्ताः ॥ २०७ ॥

ओं इंद्राण्यै स्वाहा । एवमन्यास्वपि आयुधाष्टकस्थापनम् ।

पीता प्रभारुणा पद्मा कृष्णाभा मेघमालिनी । हरिन्मनोहरा श्वेता चंद्रमालेंद्रनीलभा ॥ २०८ ॥
सुप्रभाख्या जया श्यामा विजया पंचवर्णभा । दिक्षु तिष्ठंत्विमा देव्यः सवर्णध्वजपाणयः २०९

ओं प्रभायै स्वाहा । एवमन्यास्वपि पताकाष्टकस्थापनम् ।

क्षत वगैरे ॥ २०४ ॥ "छत्र" इत्यादि तथा "ओं" इत्यादि पढकर श्वेतछत्रादि आठ मंगल द्रव्योंको जलादि चढावे ॥ २०५ ॥ "दधती" इत्यादि दो श्लोक तथा "ओं" इत्यादि बोलकर आठ आयुध (हथियार) स्थापना करे ॥ २०६ ॥ २०७ ॥ "पीता" इत्यादि दो श्लोक तथा "ओं" इत्यादि बोलकर आठ पताकाओंका स्थापना करे ॥ २०८ ॥ २०९ ॥ "शुभान्" इ-

शुभ्रान प्रकूप्रशरणोत्तममंगलार्थान कुंभान मुखार्पितसुपल्लवमातुलिंगान् ।
स्रक्चंदनाक्षररुचोंबुभृताभिवेश्य सूत्रेण पंचरुचिना त्रिगुणं वृणोमि ॥ २१० ॥

कलशाष्टकस्थापनम् ।

बाणैर्जयाय सिद्धार्थैरर्थसिद्धयै यवारकैः । संतानवृद्धयै च चतुर्वेदीकोणान विभूषणैः २११

बाणचतुष्टयादिस्थापनम् ।

सगुडलवणां सलोष्टां पांडुशिलासोदरेसु सूत्रवृताम् ।
भोगोपभोगसंपत्प्रथनीं वेद्यां पुरः शिलां निदधे ॥ २१२ ॥

ओं सर्वजनानंदकारिणि सौभाग्यवति तिष्ठ २ स्वाहा । शिलास्थापनम् ।

हैमं रूप्यं चांदनमाहोस्वित् क्षीरवृक्षज पट्टम् ।
धौतासितवस्त्रापिहितं प्रभुमधिकर्तुं न्यसामि वेद्यंतः ॥ २१३ ॥

ओं भद्रासनश्रियै स्वाहा । पट्टस्थापनम् । अथ पीठचतुष्टयार्चनम् ।

नद्वेदीचतुरंतसांगुलवितस्त्युद्देशशुंभत्कर—
व्यासायामयुतासनेषु कमलान्यालिख्य तत्कर्णिकाः ।

त्यादि श्लोक बोलकर आठ कलशोंका स्थापन करे ॥ २१० ॥ "बाणै" इत्यादि श्लोक पढकर बाण आदि चार द्रव्योंको स्थापन करे ॥ २११ ॥ "सगुड" इत्यादि तथा "ओं" इत्यादि बोलकर शिलाकी स्थापना करे ॥ २१२ ॥ "हैमं" इत्यादि तथा "ओं" इत्यादि बोलकर

प्राग्वत् प्राच्यं तथा दलेष्वनुदिशं देवीर्जयाद्याः पृथक्—
जंभाद्याश्च विदिग्दलेषु धिनुयां दिग्द्वाररैरक्षिणः ॥ २१४ ॥

बहिर्मंडलपूजाप्रतिज्ञानाय पुष्पांजलिं क्षिपेत् । अत्रापि पूर्ववत् कर्णिकाः परब्रह्मादिपदैः पूरयित्वा तत्पत्रदलेषु पूर्वादिदिक्षु ओं जये स्वाहा, ओं विजये स्वाहा, ओं अजिते स्वाहा, ओं अपराजिते स्वाहा । आग्नेय्यादिविदिक्षु च ओं जंभे स्वाहा, ओं मोहे स्वाहा, ओं स्तंभे स्वाहा, ओं स्तंभिनि स्वाहा इति लिखित्वा बहिश्चतुर्द्वारचतुष्कोणमंडलं विलिख्य तद्बहिः पूर्ववद्दिक्पालान् द्वारपालान् यक्षदेवांश्च संस्थाप्य चिद्रूप विश्वरूपेत्यादिविधिना कर्णिकार्चनं संक्षेपेण कृत्वा जयादिदेवीर्दिक्पालान् द्वारपालान् यक्षांश्च पूजयेत् । अथ जयादिदेवतार्चनम् ।

जयाद्याः श्लब्दये युष्मानायात सपरिच्छदाः । अत्रोपविशतैता वो यजे प्रत्येकमादरात् २१५

काष्ठासन (पट्टा) स्थापित करे ॥ २१३ ॥ अब चार पीठोंकी पूजा कहते हैं । "तद्वेदी" इत्यादि श्लोक कहकर बाह्यमंडलकी पूजाके लिये पुष्पोंको क्षेपण करे ॥ २१४ ॥ यहांपरभी पहलेकी तरह कर्णिकामें अरहंत आदि पदोंको लिखकर उस कमलपत्रपर पूर्व आदि दिशाओंमें "ओं जये" इत्यादि चार पद लिखे । फिर आग्नेयी आदि विदिशाओंके पत्तोंपर "ओं जंभे" इत्यादि चार पद लिखे । उसके बाद बाहरके चार दरवाजोंपर चौकोन मंडल लिखकर उसके बाहर पहलेकी तरह दिक्पाल, द्वारपाल और यक्षदेवोंको स्थापन करके "चिद्रूपं" इत्यादि कही हुई विधिसे कर्णिकाकी संक्षेपसे पूजा करे । फिर जयादि देवी, दि-

आवाहनादिपुरस्सरप्रत्येकपूजाप्रतिज्ञानाय पुष्पाक्षत क्षिपेत् ।

जये जयाद्ये विजये विजैनि जैने जितेपराजितेस्मिन् ।
जंभेवमोहनेस्ति भाः स्तंभिनि रक्ष रक्षास्मान् ॥ २१६ ॥

स्वोपग्रहाय पत्रेषु पुष्पाक्षतानि क्षिपेन् । अथ प्रत्येकपूजा ।

इहार्हतो विश्वजनीनवृत्तेः कृतौ कृताराातिजये जये त्वाम् ।
सद्गंधपुष्पाक्षतदीपधूपफलादिसंपादनया धिनोमि ॥ २१७ ॥

ओं ह्रीं जये देवि आगच्छागच्छ इदं... ... . ।

जिनाधिराजे विजयैकविद्ये जगद्विजेतुः कुसुमायुधस्य ।
विजेतरि स्फारितभूरिभक्ति त्वामत्र यज्ञे विजये यजेहम् ॥ २१८ ॥

ओं ह्रीं विजये देवि. .... ।

कपाल, द्वारपाल, और यक्षोंको पूजे ॥ अब जया आदि देवताओंकी पूजा कहते हैं । जया इत्यादि श्लोक बोलकर आवाहनादिपूर्वक हर एककी पूजा करनेकी प्रतिज्ञाके लिये पुष्प-अक्षतोंको क्षेपण करे ॥ २१५ ॥ "जये" इत्यादि श्लोक बोलकर अपने उपकारके लिये पत्रोंपर पुष्प अक्षतको क्षेपण करे ॥ २१६ ॥ अब प्रत्येककी पूजा कहते हैं । "इहा" इत्यादि तथा "ओं ह्रीं" बोलकर जया देवीको जलादि आठ द्रव्य चढावे ॥ २१७ ॥ "जिना" इत्यादि तथा "ओं ह्रीं" बोलकर विजयाको अर्घ चढावे ॥ २१८ ॥ "जग" इत्यादि तथा "ओं ह्रीं"

जगज्जयोज्जागरिणां कषायद्विषां न केनापि जितं जिनेंद्रम् ।
आवर्जयंतामजितोर्जितोजामूर्जाप्तये त्वामजितेर्चयामि ॥ २१९ ॥

ओं ह्रीं अजिते.... .. . . ।

पराजितारेरपराजितात्रैरप्याश्रितस्यारिपराजयाय ।
जगत्प्रभोरत्र महे महामि पराजिते त्वामपराजितेत्र ॥ २२० ॥

ओं ह्रीं अपराजिते . . . . ।

व्यामोहनिद्रां भुवनानि जंभ विशंत्युद्धरतो जिनस्य ।
वितन्वतां यज्ञमजन्यहंत्रीं त्वा देवि जंभे परिपूजयामि ॥ २२१ ॥

ओं ह्रीं जंभे .. . . ।

चिरं जगन्मोहविषेणसुप्तं स्याद्वादमंत्रेण विबोधयंतम् ।
श्रीबुद्धमाराधयतां हि मोहे त्वां मोहयतीमहितान्महामि ॥ २२२ ॥

ओं ह्रीं मोहे....... ...., ।

बोलकर अजिताको जलादि चढावे ॥ २१९ ॥ "पराजि" इत्यादि तथा "ओं ह्रीं" बोलकर अपराजिताको जलादि आठ द्रव्य चढावे ॥ २२० ॥ "व्यामोह" इत्यादि तथा "ओं ह्रीं" बोलकर जंभा देवी पर जलादि चढावे ॥ २२१ ॥ "चिरं" इत्यादि तथा "ओं ह्रीं" बोलकर

जिनं महाभव्यविशुद्धिभावमासादमुस्तंभमुपास्ति यस्तम् ।
प्रकुर्वतं स्तंभयतां स्तमंतं स्तंभे सृजंतीं भवतीं यजामि ॥ २२३ ॥

ओं ह्रीं स्तंभे देवि .... ।

प्रवादिनां स्तंभयतोत्र मानस्तंभेन दूरादपि मंक्षु मानम् ।
जिनेस्य यज्ञेर्चनया सपत्नधीस्तंभिनि स्तंभिनि संस्तुवे त्वाम् ॥ २२४ ॥

ओं ह्रीं स्तंभिनि देवि.. ।

इत्येताः पृथुयशसो जयादिदेव्यो देशामभिरुचिते जिनेंद्रयज्ञे ।
पूर्णाहुतिमिह लंभिताः प्रपूज्य श्रेयांसि प्रददतु भव्यभाक्तिकेभ्यः॥ १२५ ॥

पूर्णाहुतिः ।

प्राच्याद्याग्नेयकोणादिपत्रेष्विष्टाः क्रमादिमाः। अष्टौ जयादिजंभादिदेव्यः शांतिं वितन्वताम् ॥

इष्टप्रार्थना । इति जयादिदेवतार्चनविधानम् । अथ दिक्पालान् द्वारपालान् यक्षांश्च संक्षेपेण सत्कुर्यात् । इति बहिर्मंडलचतुष्टयार्चनविधानम् ।

मोहा देवीको जल आदि द्रव्य चढावे ॥ २२२ ॥ "जिनं" इत्यादि तथा "ओं ह्रीं" बोलकर स्तंभादेवीको जल आदि द्रव्य चढावे ॥ २२३ ॥ "प्रवादि" इत्यादि तथा "ओं ह्रीं" बोलकर स्तंभिनीको जल आदि द्रव्य चढावे ॥ २२४ ॥ "इत्येताः" इत्यादि श्लोक बोलकर स-

इत्थं निष्ठितपूज्यपूजनविधिः शक्रो महार्घेण तां
त्रिर्वेदीमवतार्य भूतिभरतो भक्त्या परीत्यामतः ।
सद्भूषाश्चतुरोष्ट वा सुकुसुमैस्तं जापयन् मतस-
द्रूपं मंत्रमनादिसिद्धमुरुधीरीशानवेदीं यजेत् ॥ २२७ ॥

णमो अरहंताणं णमो सिद्धाणं णमो आइरियाण णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्वसाहूणं। चत्तारि मंगलं अरहतमंगल सिद्धमंगलं साहुमगल केवलीपण्णत्तो धम्मो मंगल। चत्तारि लोगोत्तमा अरहंतलोगोत्तमा सिद्धलोगोत्तमा साहुलोगोत्तमा केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमा। चत्तारिसरणं पव्वज्जामि अरहंतसरण पव्वज्जामि सिद्धसरणं पव्वज्जामि साहुसरणं पव्वज्जामि केवलिपण्णत्तो धम्मो सरणं पव्वज्जामि ह्रौं स्वाहा। अनादिसिद्धमंत्रः। इति मूलवेदिकार्चनविधानम्। अथोत्तरवेदिकार्चनम्।

वेद्यां चान्यां सुरगिरिशिलावेदिवत्कार्णिकायां
प्राग्वन्मंत्रानथ कजदलेष्वष्टसु श्र्यादिदेवीः ।

बको पूर्णार्घ देवे ॥ २२५ ॥ "प्राच्या" इत्यादि श्लोक बोलकर इष्टवस्तुकी प्रार्थना करे ॥ २२६ ॥ इसतरह जया आदि देवताओंकी पूजा हुई। इसके बाद दिकपाल, द्वारपाल और यक्षोंका संक्षेपसे सत्कार करे ॥ इसप्रकार बाह्य मंडलचतुष्ककी पूजाविधि जानना। "इसप्रकार" वह इंद्र पूजाविधि करके अनादि सिद्ध मंत्रको जपता हुआ ईशानवेदीको पूजे ॥ २२७ ॥ "णमो" इत्यादि स्वाहातक अनादिसिद्ध मंत्र जानना ॥ इसतरह मूलवेदी-

अर्हद्वादीन् क्षितिपुरबहिर्दिक्षु देवीजयाद्या
न्यस्य द्वारेष्वनु च चतुरो यक्षदेवान् यजामि ॥ २२८ ॥

ईशानवेद्यां यागमंडलपूजाप्रतिज्ञानाय पुष्पांजलिं क्षिपेत् । अथ पूर्वविधिना कर्णिकातःस्थापिता परब्रह्मादिपूजा विधाय पद्मदलेष्वष्टौ श्र्यादिदेवी. पूजयेत् । तथाहि ।

याः सामानिकपर्षदंबुजपरीवारान्वया ह्यूर्ध्वभू
पद्मादिह्रदपुष्करेंदुविशदप्रासादवासा मुदा ।
सेवंते बहुधा जिनेंद्रजननीं श्र्यादीश्रयंत्यो गुणान्
भांतीं पुष्पमुखैः करात्तकलशैस्ताः श्र्यादिदेवीर्यजे ॥ २२९ ॥

श्र्यादिदेवीसमुदायपूजाविधानाय पत्राष्टके कुंकुमालुलितपुष्पाक्षत क्षिपेत् । अथ पृथगिष्टिः ।

की पूजाविधि हुई । अब उत्तरवेदीकी पूजा कहते हैं । "वेद्यां" इत्यादि श्लोक पढकर ईशानवेदीमें यागमंडलकी पूजा करनेके लिये पुष्पोंको क्षेपण करे ॥ २२८ ॥ अब पहले कही हुई विधिके अनुसार कर्णिकाके मध्यमें स्थापित अरहंत आदि परमेष्ठीकी पूजा करके आठ कमलपत्रोंपर श्री आदि आठ देवियोंकी पूजा करे । उसीको कहते हैं । "याःसामा" इत्यादि श्लोक बोलकर श्रीआदि देवीयोंके समूहकी पूजा करनेके लिये आठ पत्तोंपर केशरसे लेपे हुए पुष्पअक्षतोंको क्षेपण करें ॥ २२९ ॥ अब जुदी जुदी पूजा कहते हैं । "श्र्याद्याः"

श्र्याद्याः संघभव्दये युष्मानायात सपरिच्छदाः। अत्रोपविष्टास्तैता वो यजे प्रत्येकमादरात्॥२३०॥

आवाहनादिपुरस्सरप्रत्येकपूजाप्रतिज्ञानाय पत्रेषु पुष्पाक्षतं क्षिपेत् ।

क्षोण्या पार्श्वततेंद्रकार्मुकतादिद्वंद्वद्युतिं तन्वतो

हिम्याद्रेरुपरित्यमुज्ज्वलयतः पद्मह्रदं पुष्करात् ।

यत्यद्द्रव्यवरैः सुरालह्रदतैर्गर्भे विशोध्य श्रियं

तन्वाना जिनमातरं भजति या सा श्रीस्तदिज्यार्च्यते ॥ २३१ ॥

ओं सुवर्णवर्णे चतुर्भुजे पुष्पमुखकलशहस्ते श्रीदेवि आगच्छागच्छ इदं जलं .. .. ।

नानारत्नमयूखपार्श्वखचितक्षीरादवेलाक्षिपो

मूर्द्धन्युल्लसतो महाहिमवतः पद्मान् महापाद्मिके ।

संविद्वालसखीमुपेत्य विनयाल्लज्जां दृशोर्यजती

यार्हन्मातुरुपासनां वितनुते सा ह्रीर्जपाभार्च्यते ॥ २३२ ॥

इत्यादि श्लोक बोलकर आवाहनादिपूर्वक हरएककी पूजा करनेकी प्रतिज्ञा करनेके लिये पत्तोंपर पुष्प और अक्षत क्षेपण करे ॥ २३० ॥ "क्षोण्या" इत्यादि तथा "ओं सुवर्ण" बोलकर श्रीदेवीको जल आदि आठ द्रव्य चढावे ॥ २३१ ॥ "नानारत्न" इत्यादि तथा "ओं रक्त" इत्यादि बोलकर ह्री देवीको अर्घ चढावे ॥ २३२ ॥ "उद्यंतं" इत्यादि तथा "ओं

ओं रक्तवर्णे चतुर्भुजे पुष्पमुखकलशहस्ते ह्रीदेवि इदं... . ... ।

उद्यंतं सहतोभितो हरिधनुष्कीर्णो रविं मीकरै—
मूर्द्धोर्वीं निषधस्य चुंबति महापद्मादपि ज्यायसी ।
कंजादेत्य तिगिंछ एधितरुचेर्धैर्ये परं पुष्यतीं
या जैना भजतेंबिकामुपहरे नां चीनवर्णा धृतिम् ॥ २३३ ॥

ओं सुवर्णवर्णे चतुर्भुजे पुष्पमुखकलशहस्ते धृति देवि इद .... ।

पार्श्वोद्भासिविचित्ररत्नरुचिरां वैडूर्यगात्रीं गदां
द्वीपनेव धृतां पुनात्युपरिमे नीलाचलं नीरजात् ।
भातः केसरिणि श्रियैत्य विधिवद्या सज्जयंती स्तुतौ
रुक्माभा वरिवस्यतीशजननीं तां कीर्तिमर्चाम्यहम् ॥ २३४ ॥

ओं सुवर्णवर्णे चतुर्भुजे पुष्पमुखकलशहस्ते कीर्तिदेवि इद .. .. ।

भास्वद्भक्तिविचित्रितोभयवपुर्भागेंद्रनागमती--
क्षिष्णो रुक्मिगिरेर्महांतमुपरित्यं पुंडरीकं श्रितात् ।

सु" इत्यादि बोलकर धृति देवीको जलादि चढावे ॥ २३३ ॥ "पार्श्वो" इत्यादि तथा "ओं सु" इत्यादि बोलकर कीर्ति देवीको अर्घ चढावे ॥ २३४ ॥ "भास्वद्भ" इत्यादि तथा "ओं सु" इत्यादि बोलकर बुद्धिदेवीको जलादि चढावे ॥ २३५ ॥ "रत्नांबु" इत्यादि तथा "ओं

पाञ्जादेत्य हिरण्यकश्यपरिचरत्यर्हत्सविम्बीं जग—
द्बोधं कंदलयंत्यकं बलिमहं तस्यै ददे बुद्धये ॥ २३५ ॥

ओं सुवर्णवर्णे चतुर्भुजे पुष्पमुखकलशहस्ते बुद्धिदेवि इद . ... ।

रत्नांशुच्छुरितोभयांतकनकश्रोणीध्रशृंगस्निहः
रकुर्वाणमधित्यकां शिखरिणो यत्पुंडरीकं श्रिया ।
आबध्नाति ततोंबुजादुपरतावार्यै भवोद्भासिनी
भर्माभा जुषतैंविकां जिनपतेर्लक्ष्मीं यजे तामहम् ॥ २३६ ॥

ओं सुवर्णवर्णे चतुर्भुजे पुष्पमुखकलशहस्ते लक्ष्मी देवि इदं ... . ।

दृश्यादृश्यवपुर्भिरस्फुटशची साक्षात्सुखं श्र्यादिभि—
स्तत्तन्मंगलधारणादिविधिभिर्देव्या यदुद्भाव्यते
तत्मत्पूहबहिष्कृतं विदधती तस्या मनोनिर्वृतिं
कांचित्कांचनकांतिरुत्किरति या शांतिर्मया सार्च्यते ॥ २३७ ॥

ओं सुवर्णवर्णे चतुर्भुजे पुष्पमुखकलशहस्ते शाति देवि इद. .... . ।

सु" इत्यादि बोलकर लक्ष्मीदेवीको अर्घ चढावे ॥ २३६ ॥ "दृश्यादृश्य" इत्यादि तथा "ओं
सु" इत्यादि बोलकर शांतिदेवीको जलादि चढावे ॥ २३७ ॥ "संक्रांते" इत्यादि तथा "ओं

संक्रांतेंदु यथामुखीनवलवक्रुर्क्षि जिनाध्यासितं
बिभ्रत्यावपुषीश्वरे गुणगणे भोगेषु भक्तेषु च ।
देव्याः पुष्टिमनुक्षणं भगुणयंत्यन्यासु या स्तभ्यते
गांगेयांगरुगर्हतोर्हति महे सा पुष्टिरिष्टिं न काम् ॥ २३८ ॥

ओं सुवर्णवर्णे चतुर्भुजे पुष्पमुखकलशहस्ते पुष्टिदेवि इदं . ..... ।

इत्यष्टैता दिक्कुमारीर्जिनांबापरिचारिकाः। प्रसाद्य हविषां पूर्णाः पूर्णाहुत्यो विदध्महे ॥२३९॥

पूर्णाहुतिः ।

एवं संभाविताः कर्तुर्जिनजन्ममहोत्सवम् । श्रीमुख्यदेवतास्वष्टास्तुष्टये संतु यज्वनाम् ॥२४०॥

इष्टप्रार्थनाय पुष्पांजलिं क्षिपेत् । एव श्र्यादिदेवीरभ्यर्च्य दिक्पालादीन् पूर्ववत्क्रमेण पूजयेत् ।

इत्युत्तरवेदिकार्चनविधानम् ।

ऐतिह्यादिति यागमंडलमहं निर्वर्त्य वेदीविधिं
चिद्धृत्यं शुभभावसंपतिपरां निर्माप्य भव्यात्मनाम् ।

सु" इत्यादि बोलकर पुष्टि देविको जलादि चढावे ॥ २३८ ॥ "इत्यष्टै" इत्यादि श्लोक बोलकर पूर्णार्घ चढावे ॥ २३९ ॥ "एव" इत्यादि श्लोक बोलकर इष्ट वस्तुकी प्रार्थनाकेलिये पुष्पोका क्षेपण करे ॥ २४० ॥ इसप्रकार श्री आदि देवियोंको पूजकर दिक् पालोंको पूर्व क-

इष्ट्वामृश्य च सर्वशः प्रतिकृतीराशाधरोंतश्चरत्–
कीर्तिः सोत्तरसाधकोनुरहसं गच्छेत्पुरा कर्मणे ॥ २४१ ॥

इत्याशाधरविरचिते प्रतिष्ठासारोद्धारे जिनयज्ञकल्पापरनाम्नि यागमंडलपूजाविधानीयो नाम तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

हे हुए क्रमसे पूजे । इस तरह उत्तर वेदीकी पूजा विधि हुई । मैंने (आशाधरने) यह वेदीका विधान शास्त्रके अनुसार कहा है । जो कोई इस विधीको जानकर और विचार कर करेगा वह मुमुक्षु भव्यजीव उत्तम सुखको अवश्य प्राप्त होगा ॥ २४१ ॥

इसप्रकार पं० आशाधर विरचित जिनयज्ञकल्प द्वितीय नामवाले प्रतिष्ठासारोद्धारमें यागमंडलकी पूजाविधी कहनेवाला तीसरा अध्याय समाप्त हुआ ॥ ३ ॥

॥ चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥

अथो विविक्तदेशस्थः प्रतिष्ठाचार्यकुंजरः । प्रतिष्ठाविधये कुर्यात् परिकर्मेदमादृतः ॥ १ ॥

प्रागेकां सुखसचार्यां प्रातिहार्यादिशालिनीम् । पुरोधाय सुरम्यार्चां प्रतिष्ठेयं निरूपयेत्॥२॥

शस्ताशस्तात्मभावार्जितवृषवृजिनच्छेदहृष्यत्परा यः
स्वर्गाच्छ्वभ्रादथैत्य त्रिजगदुपकृतिव्यक्तिमाहात्म्यसंपत् ।
शक्राद्यैर्यौतिरागादहमहमिकया सेव्यते सिद्ध्यधीशः
पश्यंत्यज्ञास्तदर्चां स्वचितामिह नये स्थाप्यतेर्हंस्स तेभ्यः ॥ ३ ॥

अब चौथा अध्याय कहते हैं । याग मंडलकी पूजाके बाद उत्तम प्रतिष्ठाचार्य एकांतस्थानमें प्रतिष्ठा विधिके लिये इस आगे कहेजानेवाली क्रियाको करे ॥ १ ॥ सबसे पहले एक प्रतिमाको लावे । जोकि अच्छीतरह अपनेपर चल सके, प्रातिहार्य आदि सहित हो और देखनेमें बहुत अच्छी हो ॥ २ ॥ " शस्ता " आदि श्लोकोंमे जैसा प्रतिमाका वर्णन किया है वैसी प्रतिमाको न्यायपूर्वक पैदा किये हुए द्रव्यसे बनवाकर प्रतिष्ठा कराते हैं वे

कल्याणैः श्रितभूतभाविसुनयत्रित्वौभयेः पंचाभि-
श्चित्तं वित्तमशेषमोहमथनाद्वासत्यविद्याभिदि ।
प्रत्यग्ज्योतिषि तीर्थकृत्वनियतं निर्बीजयोगे स्फुरद्
ध्यात्वार्चा स्थिरचित्क्षणाष्टकपदे यो क्षेत्रबीजाक्षरम् ॥ ४ ॥

द्रव्यैः स्वैः सुनयार्जितैर्जिनपतेर्बिम्बं स्थिरं वा चल
ये निर्माप्य यथागमं सुदृषदाद्यात्मात्मनान्येन वा ।
लग्ने वाल्गुनि लंभयंति तिलकं पश्यंति भक्त्या च ये
ते सर्वेपि महोदयांतमुदयभव्यां लभंतेऽद्भुतम् ॥ ५ ॥

प्रतिष्ठेयनिरूपणा । अथ सकलीकरणम् । अत्रादावनेन मंत्रेण स्वहस्तौ पवित्रयेत् । ओं णमो अरहंताणं णमो केवलिणे सुअगदेवि पसत्थ हत्थेहि हुं फट् स्वाहा । हस्तद्वयपवित्रकरणमंत्रः । ततः

भव्यजीव उत्तमपदको पाते हैं ॥ ३ । ४ । ५ । यह प्रतिमाका वर्णन हुआ । अब सकली-करण क्रिया कहते हैं । उसमें पहले "ओं णमो" इत्यादि मंत्रसे अपने हाथ पवित्र करे । उसके बाद सुरभिमुद्रा धारण करके इस आगेकी पवित्र विद्याको सात बार चिंतवन करे । वह विद्या "ओं णमो" से लेकर स्वाहा तक कही है । उसके बाद अंगन्यास करे वह इसप्रकार है ।

सुरभिमुद्रा धृत्वा इमा शुचिविद्या सप्तवारान् न्यसेत्। ओ णमो अरहंताण णमो सिद्धाणं णमो आगा-समागीणं णमो विज्झायाणं णमो सव्वोसहिपत्ताण णमो सय बुद्धाणं णमो केवलिणे स्वाहा । इमा च। ओं अर्हन्मुखकमलवासिनि पापात्मक्षयंकरि श्रुतज्वालासहस्रप्रज्वलिते सरस्वति मम पापं हन हन क्षा क्षीं क्षु क्षौं क्ष क्षीरधवले अमृतसभवे व वं हू स्वाहा । शुचीकरणमंत्रौ । ततः सकलीकुर्यात् । ओं अं नमः सुहृदये, ओं सिं स्वाहा शिरासि, ओं आ वषट् शिखाया, ओ ओं घे घे कवचं, ओं सा-हूं फट् स्वाहा अस्त्र, ओं हौ वषट् नयनयो' । पुनः ओ ह्रा णमो अरहंताण स्वाहा हृदये, ओं ह्रीं णमो सिद्धाणं स्वाहा ललाटे, ओं ह्रू णमो आइरियाण स्वाहा शिरोदक्षिणे, ओं ह्रौ णमो उवज्झायाणं स्वाहा पश्चिमे, ओ ह्र' णमो लोए सव्वसाहूण स्वाहा वामे । पुनस्तान्येव पदानि ललाटे मूर्ध्नि दक्षिणे पश्चिमे वामे चेति न्यसेत् । सकलीकरणमत्र. । तत ।

ओं " उसहाइजिणं पणमामि सया अमलो विरजो वरकप्पतरू ।
सवकामदुहा मम रक्ख सदा पुरु विज्जणही पुरु विज्जणिही ॥ ६ ॥

"ओं" इत्यादि पहला मत्र बोलकर हृदय स्थानको स्पर्श करे । दूसरेसे मस्तकको, तीसरेसे चोटीको चौथेसे कवचको पांचवेंसे अस्त्रको और छठेमंत्रसे नेत्रोंको छुए । अथवा "ओ ह्री" इत्यादि पहले मंत्रसे हृदयका स्पर्श करे. दूसरेसे मस्तकका, तीसरेसे शिरके दाहिनी तरफका, चौथेसे पश्चिमकी तरफका, पांचवेसे बांई तरफका स्पर्श करे । इन्हीं पदोंको बोलकर मस्त-

ओं " अट्ठेव य अट्ठसया अट्ठसहस्सा य अट्ठकोडीओ।
रक्खंतु ते सरीरं देवासुरपणमिया सिद्धा ॥ ७ ॥ स्वाहा।

अनेन स्वस्यागप्रत्यंगपरामर्शः कार्यः। ततः ओं धनु धनु महाधनु। स्वाहा। इमां धनुर्विद्या वामकरांगुलिपर्वसु विन्यस्य प्रतिमाग्रे वामपादांगुष्ठेन सरेफाग्रपुरस्सरं धनुरालिख्य वामपादेनाक्रम्य कायोत्सर्गेण स्थितः सन् ओं णमो अरहंताणं णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्वसाहूणं थभेइ जल जलण चिंतियमित्तेण पंचणमोकारो अरि मारि चोर राउल घोरुवसग्गं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः विणासेइ स्वाहा। इदं सप्तवारान् हृद्युच्चार्य अष्टोत्तरशतं धनुर्विद्यामावर्तयेत्। इति सकलीकरण विधानं। अथ **प्रतिष्ठा**।

करके दक्षिण पश्चिम और बांयें भागमे स्थापन करे ॥ यह सकलीकरण मंत्रकी क्रिया हुई। उसके बाद छठे सातवें दो श्लोकमंत्र पढकर अपने अंग उपांगोको छुए ॥ ६ ॥ ७ ॥ उसके पीछे "ओधनु" इत्यादि धनुषविद्याको बांये हाथकी उंगलियोंके पोरुओंमें स्थापनकर प्रतिमाके आगे बांयें पैरके अंगूठेसे रेफ सहित बाणयुक्त धनुषको लिखकर बांये पैरसे आच्छादितकर खड्गासनसे "ओं णमो" इत्यादि स्वाहा पर्यंत मंत्रको सातवार मनमें बोलकर एकसौ आठवार धनुषमंत्रको जपै। इसतरह सकलीकरण क्रियाका कथन किया। अब प्रतिष्ठा करनेकी विधि कहते हैं;—सकलीकरणादि कर्म करनेके बाद प्रतिष्ठाचार्य वेदीके पूर्वसिंहासनके

कृतकर्माधुनावेदीं प्रौच्यपठिाग्रभूतले । इह गंधांबुसंसेकसत्पुष्पप्रकारांचिते ॥ ८ ॥
भद्रासनं निवेश्यात्र विश्वकर्मसमक्षतः । गर्भावतारकल्याणं स्थापयापीदमर्हताम् ॥ ९ ॥

ओं मूलवेद्याः पूर्वस्या दिशि जयादिपीठस्य पुरस्ताद्भद्रासनं निवेशयामीति स्वाहा । भद्रासननिवेशनम् ।

वंशक्षायिकदृक्सामिद्धसुधियां योस्मिन्मनूनामभू-
द्ये चेक्ष्वाकुकुरुग्रनाथहरियुग्वंशाः पुरोवेधसा ।
आधानादिविधिप्रबंधमहिताः सृष्टास्तदुत्थार्यभू-
भर्तृस्वामिकजीविता सुकुलजा जैन्यो जयंत्यंबिकाः ॥ १० ॥

मृत्यादित्रयदृग्विशुद्धचनुगाचित्सत्कर्मणोआगम-
द्रव्यो गोतमगोत्रभागभिजनो नेमिस्तथा सुव्रतः ।
तद्वत्काश्यपगोत्रिणस्तदितरे णोकर्मनोआगम-
द्रव्योद्येष्वभवन स्वयं यदुदरेष्वंबाः प्रसीदंतु ताः ॥ ११ ॥

आगेकी जगहको गंधोदकसे छिडककर पुष्पोंको क्षेपण कर उस जगह पर कारीगरके सामने उत्तम सिंहासन रखे और "मैं अर्हत्प्रभुका गर्भकल्याणक स्थापन करता हूं" ऐसा कहै। उस समय "ओं मूल" इत्यादि मंत्र बोलना चाहिये ॥ ८ ॥ ९ "वंश" इत्यादि दो श्लोक बोलकर जिनमाताओंकी स्तुती करे ॥ १० ॥ ११ ॥ अब जिनमाताओंके नाम कहते है ;—

मरुदेवीं वृषस्यांबा विजयामजितस्य च । सुषेणां संभवेशस्य सिद्धार्थां नंदनप्रभोः ॥१२॥
सुमंगलाह्वां सुमतेः सुसीमां पद्मरोचिषः । वसुंधरां सुपार्श्वस्य लक्ष्मणां चंद्रलक्ष्मणः॥१३॥
रामां श्रीपुष्पदंतस्य सुनंदां शीतलार्हतः । विष्णुश्रियं श्रेयसश्च वासुपूज्यप्रभोर्जयाम् ॥१४॥
सुशर्मलक्ष्मीं विमलार्हतोऽनंतस्य सुव्रताम् । ऐरिणीं धर्मनाथस्य कमलां शांत्यधीशिनः १५
सुमित्रां कुंथुनाथस्य अरभर्तुः प्रभावतीम् । मल्लेः पद्मावतीं वप्रां सुव्रतस्य मुनीशिनः॥१६॥
विनतां नमिनाथस्य शिवां नेमिजिनेशिनः। देवदत्तां च पार्श्वस्य वीरस्य प्रियकारिणीम्॥१७॥
चतुर्विंशतिमप्येताः सवित्रीस्तीर्थकारिणाम् । स्थापयामीह तद्गर्भपवित्रितजगत्त्रयाः ॥ १८ ॥

ऋषभनाथकी मरुदेवी अजितकी विजया, संभव नाथकी सुषेणा, अभिनंदनकी सिद्धार्था, सुमतिजिनकी सुमंगला, पद्मप्रभकी सुसीमा, सुपार्श्वकी वसुंधरा, चंद्रप्रभकी लक्ष्मणा, पुष्पदंतकी रामा, शीतलनाथकी सुनंदा, श्रेयांसनाथकी विष्णुश्री और वासुपूज्य प्रभुकी जया है ॥ १२ ॥ ॥१३॥१४॥ विमलनाथकी सुशर्मलक्ष्मी, अनतनाथकी सुव्रता, धर्मनाथकी ऐरिणी, शांतिनाथकी कमला, कुंथुनाथकी सुमित्रा, अरनाथकी प्रभावती, मल्लिनाथकी पद्मावती, सुव्रतप्रभुकी देवदत्ता और महावीरप्रभुकी प्रियकारिणी—इन चौवीस जिनमाताओंकी स्थापना इस जगह करता हूं । इन्हींके गर्भसे तीन जगत पवित्र होता है । १५।१६।१७।१८ ॥ "ओं"

ॐ मरुदेव्यादिजिनेंद्रमातरोत्र सुप्रतिष्ठिता भवंत्विति स्वाहा । जिनमातृस्थापनार्थं भद्रपीठस्योपरि पुष्पाजलिं क्षिपेत् ।

षण्मासान् भुवमेष्यतां नवदिवश्चाजग्मुषामर्हतां
पित्रोः सौधमपीद्धमुत्सृजति या रैदो महेंद्राज्ञया ।
स्वर्णा गावधुतामरद्रुमफलासारभ्रमं कुर्वतीं
व्यक्तुं तामिह रत्नवृष्टिमुचितं मुंचामि पुष्पोच्चयम् ॥ १९ ॥

ओ धनाधिपते अर्हत्पितामौधे रत्नवृष्टि मुंच मुंचेति स्वाहा । कनकशलाका रत्नपंचकविमिश्रचित्रकुसुमाजलिं भद्रपीठस्याग्रत प्रकिरेत् । रत्नवृष्टिस्थापन ।

सर्वर्तुकामिवरवस्त्रफलप्रसूनशय्यासनाशनविलेपनमंडनानि ।
तत्तत्क्रियोपकरणानि तथेप्सितानि तीर्थेमशातुरुपदीकुरुतां धनेशः ॥ २० ॥

इत्यादि बोलकर जिनमाताओंकी स्थापनाके लिये सिंहासनके ऊपर पुष्पोंको क्षेपण करै । "षण्मासान्" इत्यादि तथा "ओं" इत्यादि बोलकर सोनेकी सलाई पांच तरहके रत्न—इनसे मिले हुए पुष्पोंको सिंहासनके आगे वखेरै । इस तरह रत्नवर्षाका स्थापन हुआ ॥ १९ ॥ "सर्वर्तु" इत्यादि तथा "ओं" इत्यादि बोलकर उत्तम कपड़े अंगूठी हार फल पत्र पुष्प आदिको सिंहासनके आगे रखे । इन सब वस्तुओंको शिल्पी ग्रहणकरे ॥ २० ॥ उसके बाद

ओं निधीश्वर जिनेश्वरमात्रे भोगोपभोगागान्युपनयोपनयेति स्वाहा । चारुवस्त्रमुद्रिकाहारफलपत्रपुष्पादिकं पीठाग्रे प्रतिष्ठयेत् । तच्च सर्वं विश्वकर्मा गृह्णीयात् ।

माताको सोलह स्वप्नोंका देखना। गर्जता हुआ सफेद ऐरावत हाथी १ बैल २ सिंह ३ देव हस्तियोंसे स्नान कराई गई लक्ष्मी ४ लटकतीं दो फूलोंकी मालायें ५ चांदनीयुक्त पूर्णचंद्रमा ६ ऊगता हुआ सूर्य ७ कमलोंसे ढके हुए सुवर्णमई कलशे ८ सरोवरमें क्रीडा करता मछलियोंका जोड़ा ९ दिव्य सरोवर १० चंचल लहरोंवाला समुद्र ११ रत्नजड़ा सिंहासन १२ मणियोंसे जटित विमान १३ नागेंद्रका भवन १४ प्रकाशमानरत्नोंकी राशि १५ धूमरहित जलती हुए अग्नि १६—ये सोलह स्वप्न हैं इनको देखकर माताको जगना । उसके बाद अपने पतिसे स्वप्नोंका फल सुनना । वह इस तरह है—पहले स्वप्नमें सफेद ऐरावत हाथी देखनेसे उत्तम पुत्रका होना, बैलके देखनेसे तीन लोकका गुरु होना, सिंह देखनेसे अनंत बलसहित होना, स्नान कराई गई लक्ष्मीके देखनेसे इंद्रोंकर सुमेरु पर्वतपर अभिषेक होना, पुष्पमाला देखनेसे धर्मतीर्थका प्रवर्तक होना, पूर्णचंद्रमा देखनेसे संसारको आनंदित करना, सूर्यके देखनेसे तेजस्वी होना, दो सुवर्णके घड़े देखनेसे रत्नादिकी खानिका स्वामी होना, मछलियोंका जोड़ा देखनेसे बहुत सुखी होना, सरोवर (तालाव) देखनेसे शुभलक्षणों सहित होना, समुद्रके देखनेसे केवलज्ञानी होना, सिंहासनके देखनेसे बड़े भारी राज्यका अधिकारी होना, विमान देखनेसे स्वर्गसे आकर जन्म होना, नागेंद्रका भवन देखनेसे अवधिज्ञानी

मंद्रं गर्जतमैन्द्रं द्विपमुडुपशयं तत्सगंधं गवेंद्रं
सिंहं शैलेन दंतं जलरुहि कमलां स्नाप्यमानां सुरेभैः ।
दाम्नी खे लंबमाने भ्रमदलिपटले चंद्रिकाकीर्णदिक
चद्रं प्रद्योतमर्कं सरसि झषयुगं क्रीडदन्योन्यरक्तम् ॥ २१ ॥
कुंभौ हेमौ सुधाद्यौ स्फुटकमलमुखौ छन्नमच्छाप्सरोब्जै-
श्चद्रत्नोर्मिमर्त्रि तडिदुचितमरुच्चापजिर्त्सिहपीठम् ।
कांत्यान्योन्यं हसंत्या सुरफणिमदने द्वा करै रंजयंतं
रत्नौघं प्रज्वलंत ज्वलनमपि निशातुर्ययामे द्विरष्टौ ॥ २२ ॥
स्वप्नान् दृष्ट्वा प्रबुद्धा झटिति घटितमुच्छृण्वती तूर्यनादान्
पत्युः प्रीतात्तदुक्त्या सुतनु सुतमिभस्ते स तादृग्महांतम् ।
ब्रूते विश्वाग्रिमं गौः करिकुलकषितानंतवीर्यं गमेंद्र-
मेरौ स्नाप्य द्विमालं वृषसमयकररश्मौः प्रजाह्लादहेतुम् ॥ २३ ॥
भास्वान् दीप्रं विशारिद्वयमतिसुखिन कुंभयुग्मं निधीशं
कासारो लक्ष्मसारं परविदमुदधिर्विष्टरं प्राज्यराज्यम् ।

होना, रत्नराशिके देखनेसे अनेक गुणोंका खजाना होना, निर्धूम अग्निके देखनेसे कर्मरूपी ईंधनका जलाना—ये स्वप्नोंको फल है ॥ २१ । २२ । २३ । २४ ॥ स्वप्नोंको देखना स्थापन

घरेतारं सुरौकः फणिगृहमवधिज्ञानिनं सद्गुणाब्धि
रत्नौघोहोऽम्ममग्निः स्तमितिविदितसतत्फलैषार्हदंबा ॥ २४ ॥

षोडश सत्पुष्पाणि तावंत्येव च सत्फलानि परिवर्त्य पीठाग्रतः स्थापयेत् । स्वप्नावलोकनस्थापनम् ।

श्री ह्री धृते कीर्तिमती च लक्ष्मि शांते च पुष्टे च सहैत्य जिष्णोः ।
आज्ञानियोगेन तथा स्वभक्त्या पित्रे निवेद्याचतदभ्यनुज्ञाः ॥ २५ ॥
विशोध्य गर्भं सुपवित्रदिव्यद्रव्यैर्यथास्थाननियोगमेनाम् ।
सुभक्त्या गूढमुपास्यमानां शच्या भजध्वं पुरुदिकुमार्यः ॥ २६ ॥

ओं दिक्कुमार्यो जिनमातरमुपेत्य परिचरत परिचरतेति स्वाहा । सद्वस्त्रालंकारा अष्टौ वरकुमारींमंगलताबूलहस्ताः संनिधाप्य पीठं परितः सकुंकुमरंजितपुष्पाक्षतं क्षिपेत् । गर्भशोधनपूर्ववादिक्कुमारीपरिचर्यास्थापनं ।

करनेकेलिये सोलह उत्तम पुष्पोंको तथा सोलह उत्तम फलोंको सिंहासनके आगे स्थापन करे । श्री ह्री धृति कीर्ति बुद्धि लक्ष्मी शांति पुष्टि—इन देवियोंकर गर्भ शोधन करना ॥ २५ । २६ ॥ आठ कुमारी कन्यायें स्वच्छ वस्त्र आभूषणोंको पहनके हाथमें फल आदि मंगलीक द्रव्य लेकर सिंहासनके पास आके केशर मिले हुए पुष्प अक्षतोंको क्षेपण करें । ग-

सर्वौषधिचंदनपंचमृद्भिर्विलिप्य तीर्थोदकपंचकेन ।
विशोध्य पीठं जिनमज्जगर्भे गर्भोपमेस्मिन्नवतारयामि ॥ २७ ॥

तामेव रहसि पुरा निरूपितप्रतिष्ठेयामर्हत्प्रतिमा नूतनसितनासितसद्वस्त्रप्रच्छादिता पुरस्सरटकिकाकरविश्वकर्मसौधर्मेन्द्रौ महोत्सवेनानीय मुविशुद्धभद्रासनगर्भपद्मे निवेशयेता ।

यो गगांबुसुरत्नपुष्पकृतभूपस्कारमिंद्रासन—
द्रकूपं प्रमदाकुलीकृतजगद्गर्भं प्रविश्योत्तमे ।
लब्धे वामातिरंजयन् रविरिह प्राची परानुग्रह-
ग्राहाद्यद्भूतिवर्द्धतेस्म सुदृशां सोऽयं जिनस्तन्मुदे ॥ २८ ॥

ओं णमोर्हते केवलिने परमयोगिने शुक्लध्यानाग्निनिर्दग्धकर्मेन्धनाय सौम्याय शाताय वरदाय

ह गर्भशोधन और दिकुमारियोंकी सेवाविधि स्थापन कीजाती है । सर्वौषधि चंदन आदिसे सिंहासनको पवित्र करके कारीगर और सौधर्मेंद्र दोनों उत्तम वस्त्रसे ढकी हुई प्रतिष्ठेय प्रतिमाको महान उच्छवके साथ लाकर शुद्ध सिंहासनके भीतर कमलपत्रमें स्थापित करें ॥ २७ ॥ उसके बाद " यो गंगां ' इत्यादि तथा " ओंणमो " इत्यादि बोलकर कुंकुसे रंगे हुए चमेलीके पुष्प तथा अक्षतोंको मूलनायक और दूसरी प्रतिमाओंके ऊपर क्षेपण करे ॥ २८ ॥ गर्भावतार विधि कहते हैं । "हक् " इत्यादि दो श्लोक बोलकर

अष्टादशदोषविवर्जिताय स्वाहा। जात्यकुंकुमपिंजरितजातिपुष्पाक्षतं तस्या अन्यासां च प्रतिष्ठेयमानानामुपरि क्षिपेत्। गर्भावतारण।

दृक्शुद्ध्यादिविशेषवद्धसुकृतस्कंधेग्रसर्गागिक-
स्फूर्जच्छुष्माणि विश्वकर्माणि निजव्यापारयोग्यं वपुः।
स्रष्टुमस्तभरास्त्रिबोधरुचिभागास्येन योकाब्दवद्
गर्भे मातुरिभाकृतिर्वसति वै सोत्रावतीर्णः प्रभुः॥ २९॥

इत्युक्त्वा प्रणतामहत्तरिकया निर्दिश्यमाना पृथक्
स्थानाख्यादिभिदा जिनेंद्रजननीमभ्यर्च्य नुत्वा स्फुटं।
नाथं पत्रमुदाभिनीय पितरं चापृच्छ्य जग्मुः पदं
स्वं शक्राः स जयत्ययं जिनपतेर्गर्भावतारोत्सवः॥ ३०॥

जिनमातृपूजनार्थं भद्रासनगर्भनिवेशितप्रतिमाग्रे पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

अथेंद्रैः सिद्धचारित्रशांतिभक्तिभिरादरात्। गर्भावतारकल्याणक्रिया तत्यास सूरिभिः॥३१॥

जिनमाताके पूजनके लिये सिंहासन (भद्रासन) में स्थापित प्रतिमाके आगे पुष्पांजलि क्षेपण करे॥ २९।३०॥ उसके बाद वे इंद्र सिद्धभक्ति चारित्रभक्ति शांतिभक्ति—इन तीनोंको करके गर्भावतार कल्याणकी समाप्ति करें॥ ३१॥ इस तरह गर्भावतार कल्याणककी विधि

इति गर्भावतारकल्याणस्थापना । अथ जन्मकल्याणस्थापना ।

देवानां नमयन् शिरांसि समनास्याकंपयन्नासना-
न्यभ्रं निर्मलयन् सदिक्सुमनसो देवद्रुमैर्वर्षयन् ।
जन्यन् शीतसुगंधिमदमनिलं यः सिंधुमुद्वेल-
माधुन्वन् स धराधरां च निरगात् कुक्षेः शुभेऽह्नोषसः ॥ ३२ ॥

वस्त्रापनयनम् ।

किं तां सवित्रीमिह वर्णयामि किं चर्चये लग्नमथास्पदं तत् ।
यदेष देवो भुवनत्रयैकगुरुः स्वयं स्वप्रसवेधिचक्रे ॥ ३३ ॥
पुण्याहमद्याद्य मनोरथा नः पूर्णा जगंत्यद्य सनाथकानि ।
प्रमोदते कोद्य न चेतनोस्मिन्नृजेपि जन्मास्यमिद प्रपन्ने ॥ ३४ ॥

जिनजन्मस्थापनाय तस्या अन्यासा च प्रतिष्ठेयप्रतिमानामुपरि पुष्पाक्षत क्षिपेत् ।

पूर्ण हुई । अब जन्मकल्याणककी स्थापना कहते है । "देवानां" इत्यादि श्लोक पढकर वस्त्रको अलग कर देना ॥ ३२ ॥ "किं तां" इत्यादि दो श्लोक बोलकर जिन भगवानके जन्मकी स्थापना करनेके लिये मूलप्रतिमा तथा अन्य प्रतिष्ठेय प्रतिमाओंके ऊपर पुष्प अक्षतोंको क्षेपण करे ॥ ३३।३४ ॥ पसेवरहित शरीर १ मलरहित शरीर २ सम चतुरस्त्र

निःस्वेदत्वमनारतं विमलता संस्थानमाद्यं शुभं
तद्वत्संहननं भृशं सुरभिता सौरूप्यमुच्चैः परम् ।
सौलक्षण्यमनंतवीर्यमुदितिः पथ्याप्रियासृक्च यः
शुभ्रं चातिशया दशेह सहजाः संत्वर्हदंगानुगाः ॥ ३५ ॥

सनवव्यंजनशतैरष्टाग्रशतलक्षणैः । विचित्रं जगदानंदि यज्जिनांगं तदस्त्विदं ॥ ३६ ॥

महजदशातिशयस्थापनार्थं प्रतिमोपरि दशपुष्पीमावयेत् ।

भृंगाराब्दातपत्रोज्ज्वलचमररुहाण्युद्वहंत्योष्टशो या
द्वात्रिंशद्दिक्कुमार्यो जिनजनुषि भजंत्यंबिकायाश्चतस्रः ।

संस्थान ३ वज्रवृषभनाराच सहनन ४ सुगंधमय शरीर ५ अत्यंत सुंदर शरीर ६ शुभ एक हजार आठ लक्षणवाला शरीर ७ अतुल बल ८ हितमित वचन ९ दूधके समान सफेद लोहू १० ये दश अतिशय जन्मके साथ स्वभावसे ही उत्पन्न होते है ॥ ३५ ॥ जिनेंद्रका शरीर नौसौ व्यंजन और एकसौ आठ लक्षण सहित होता है वह यही है ॥ ३६ ॥ ऐसा कहकर स्वभावसे उत्पन्न दश अतिशयोंकी स्थापनाकेलिये प्रतिमाके ऊपर दस पुष्प रखे । "भृंगारा" इत्यादि तथा "ओं रुचक" इत्यादि कहकर भद्रासनपर विराजमान प्रतिमाके चारों तरफ कुंकुसे रंगे हुए पुष्प अक्षतोको वखेरै ॥३७॥ यह विजयादि देवताओंका सत्कार स्थापन

गेहं विद्युत्कुमार्यो रुचकवरनगाग्रास्पदा द्योतयंते
या चाष्टौ जातकर्मा दधाति तदनुगास्ताः स्फुरंत्वत्र धरन्याः ॥ ३७ ॥

ओं रुचकवरगिरींद्राशिखरानिवासिन्यो विजयादिदेव्यो यथास्वमर्हत्प्रभुमिहेदानीं परिचरंत्विति स्वाहा । पीठस्थप्रतिमा सर्वतः कुकुमराजितपुष्पाक्षत विकिरेत् । विजयादिदैवतोपास्तिस्थापनं ।

दिव्यद्रव्यविशुद्ध एव जवरे यो रत्नवृष्टिं क्षण—
प्रीतायाः पयसीव पव्यमवसन्मातुः स्वयं शुद्धिमान् ।
यन्नामापि विशुद्धयेस्ति जगतो ध्यायाति यं योगिन—
स्तस्याप्याकरशुद्धिमेष विधिरित्यातन्वतां देवताः ॥ ३८ ॥

आकरशुद्धिविधानख्यापनार्थं तीर्थोदकाप्लुतपुष्पाणि प्रतिमोपरि निदध्यात् ।

घंटासिंहासनकजलरुहां निःस्वनैरदेयोम्नै—
र्ज्ञात्वातुल्यजिनजनिमुपेत्योच्चकैः स्वस्वभूत्या ।

किया । " दिव्य " इत्यादि श्लोक पढकर आकरशुद्धिकी विधि दिखलनेकेलिए तीर्थ जलसे धोये हुए पुष्पोंको प्रतिमाके ऊपर क्षेपण करे ॥ ३८ ॥ " घंटा " इत्यादि श्लोक बोलकर इंद्र और यजमान आदिकोंके ऊपर उन अमुक नामवाले इंद्रादि भावोंको स्थापनके-लिए सौधर्म प्रतिष्ठाचार्य पुष्प और अक्षतोंको क्षेपण करे ॥ ३९ ॥ उसके बाद " अयं "

कल्पज्योतिर्वनभवनगीर्वाणनाथाः स्वयं यत्
तत्कल्याणं यधुगभिनयत्यत्रतं नाम तेमी ॥ ३९ ॥

इंद्रयजमानादिषु तत्तदिंद्रादिभावस्थापनाय सौधर्म पुष्पाक्षतं क्षिपेत् ।

अयं शच्या गुप्तं कृतवति नुतिं छद्मशयना--
न्निमील्यांबा मायातनयमुपहृत्यार्हति ते ।
समागत्यश्च्यादिव्रजमनुव्रजंत्याक्षिकरणीः
शिरो निधानाद्यैः सफलयति सद्रोभ्रगगजः ॥ ४० ॥

इंद्राण्या भद्रासनादुद्धृत्य समर्थमाणा प्रतिमा जय जयेति वदन् प्रणतिशिराः करकमलाभ्या गृहीत्वा सर्वसंघसमन्वित इमानि वृत्तानि पठन्नुत्तरवेदीं नीत्वा जन्माभिषेकोत्सवाय स्नपनपीठे निवेशयेत् ।

यः श्रीमदैरावणवाहनेन निवेशितोके विधृतातपत्रः ।
ईशानशक्रेण सनत्कुमारमाहेंद्रसच्चामरवीज्यमानः ॥ ४१ ॥

इत्यादि श्लोक बोलकर इंद्राणी भद्रासनसे प्रतिमाको उठाकर जय जय शब्द करती हुई मस्तक नवाकर हस्तकमलोंपर रखती हुई सब जनसंघके साथ आगे कहे जानेवाले श्लोकोंको पढती हुई उत्तर वेदीपर ले जाकर जन्माभिषेक उत्सव करनेके लिए स्नान करनेके आसनपर रखे ॥ ४० ॥ फिर " यः श्री " इत्यादि आठ श्लोकोको तथा " ओं ह्रीं " इत्यादिको

शच्यादिभिः श्र्यादिभिरप्युदारं देवीभिरात्तोज्ज्वलमंगलाभिः ।
पुरस्सरंतीभिरिवाप्सरोभिरग्रे नटंतीभिरुपास्यमानः ॥ ४२ ॥
शेषैस्तु शक्रैर्जय जीव नंद प्रसीद श्वश्वत्प्रतप क्षिपारीन् ।
इत्यादि वागुल्वणितप्रमोदैर्मुहुः प्रमृनैरुपहार्यमाणः ॥ ४३ ॥
सुरैः स्फुटास्फोटितगीतनृत्यवादित्रहास्योल्लुतवालितानि ।
समगलाशीर्धवलस्तुतीनि स्वैरं सृजद्भिः परिचार्यमाणा ॥ ४४ ॥
अहो प्रभावस्तपसां सुदूरमपि व्रजित्वा प्रतिमास्वपीक्ष्यः ।
यः सैष साक्षाद्ध्रुवमीक्षितोर्हन्नभेद्यनादिः स्वयमात्मबंधः ॥ ४५ ॥
सविस्मयानदामिति ब्रुवाणैरालोक्यमानोभिमुखागतैः खे ।
देवर्षिभिः स्पर्धितदेवयुग्मं नभोगयुग्मैरपि सेव्यमानः ॥ ४६ ॥
प्रदाक्षिणाध्ववव्रजनेन नीत्वा पूर्वोत्तरस्यां दिशि मेरुशृंगम् ।
निवेश्य तत्रस्यशिलोच्चपीठे क्षीरोदनीरैः स्नपितः सुरेन्द्रैः ॥ ४७ ॥
तं देवदेवं जिनमद्य जातं शय्यास्थितं लोकपितामहत्वम् ।
इम निवेश्योत्तरवेदिपीठे प्राग्वक्रमास्मिन् विधिनाभिषिंचे ॥ ४८ ॥

बोलकर पांडुकशिलाके ऊपर सिंहासनपर विराजमान करे ॥ ४१।४२।४३।४४।४५।४६।४७।४८ ॥ उसके बाद आकर शुद्धिके अभिषेक स्वरूप जन्माभिषेकको दिखलाते हैं । "रत्न"

ओं ह्रीं अर्हं श्रीधर्मतीर्थाधिनाथ भगवान्निह पाडुकाशिलापीठे तिष्ठ तिष्ठेति स्वाहा । उत्तरवेदिकास्नपनपीठे प्रतिमानिवेशनमंत्रः । अथातः आकरशुद्ध्यभिषेकरूपेण जन्माभिषेकमनुक्रमिष्यामः ।

रत्नस्वर्णमयोत्तरीयरसनासंव्यानमौलिप्रभै—
मेरुर्भाति वनैः सहस्ररहितं यो योजनान्युच्छ्रित ।
लक्षं सोयमियं च पांडुकशिला दीर्घा शतं स्फाटिकी
साष्टौ चार्धशतं तात्र सुरभिः श्रेष्टार्द्धचंद्राकृति ॥ ४९ ॥
सोत्रायं पृथुमंडपोद्युपकृतो देव्योर्धहस्ता इमा—
स्तास्तान्याप्सरसाममूनि नटितान्यास्येतता योजनम् ।
निम्नाश्चाष्ट सुरैः पयोर्णवजलैर्भृत्वार्णमाणा इमे
ते कुंभाः स जिनोऽयमस्मि स हरिस्तत्काप्यहो संभृतिः ॥ ५० ॥

अभिषेकप्रकरणसज्जीकरणाय समतात्पुष्पाक्षत विकिरेत् । प्रस्तावना । ओं ऋषभादीदिव्यदेहाय सद्योजाताय महाप्रज्ञाय अनतचतुष्टयाय परमसुखप्रातिष्ठिताय निर्मलाय स्वयभुवे अजरामरपदप्राप्ताय चतुर्मुखपरमेष्टिने अर्हते त्रैलोक्यनाथाय त्रैलोक्यपूज्याय अष्टदिव्यनागप्रपूजिताय देवाधिदे-

---

इत्यादि दो श्लोक कहकर अभिषेक आरंभकी तयारी करनेके लिये चारों तरफ पुष्प अक्षत वखेरे ॥ ४९।५० ॥ " ओं ऋषभा " इत्यादि " स्वाहा " तक मंत्र बोलकर प्रतिमाके अंग

वार्थ परमार्थसन्निहितोस्मि स्वाहा । अनेन प्रतिमाया अंगप्रत्यंगानि परमामृशन् सप्तवारानभिमंत्र्य सकलीं कुर्यात् । ततो दशापि लोकपालानावाहनादिविधिनोपचरेत् । तथाहि ।

इंद्रा मिश्राद्धदेवा शरपतिवरुणाधाररै देशनाग्रे षिण्णोशा दिक्षु वेद्या ? ॥५१॥

इंद्रादिदिक्पालानामावाहनादिपुरस्सराध्येषणाय समस्तहव्यद्रव्यं जुहोमीति स्वाहा ।

अथ पृथगिष्टिः ।

दिगीशाः शब्दये युष्मानायात सपरिच्छदाः । अत्रोपविशतैतान्वो यजे प्रत्येकमादरात् ॥५२॥

दिक्षु पुष्पाक्षत क्षिपेत् । अत्र रूप्याद्रिस्पर्द्धीत्यादि वृत्ताष्टक प्रागुक्तमेव वक्ष्यमाणमंत्रोपेत प्रयुंजीत । तथाहि ।

उपांगोको छूकर सातवार मंत्रितकर सकलीकरण क्रिया करे । उसके बाद दश लोकपालोंका आवाहन आदि विधिसे सत्कार करे । वह इस तरहसे है–“ इंद्रा ” इत्यादि तथा “ इंद्रादि ” बोलकर हवन करनेकी सामग्रीसे अवाहनादि पूर्वक इंद्रादिका सत्कार करे ॥ ५१ ॥ अब वेदीपूजा कहते हैं । “ दिगीशा ” इत्यादि श्लोक बोलकर दिशाओंमें पुष्प अक्षत क्षेपण करे ॥ ५२ ॥ यहांपर “ रूप्याद्रि ” इत्यादि पहले कहे हुए आठ श्लोकोंका मंत्र पूर्वक प्रयोग करे । वह इस प्रकार है । “ रूप्याद्रि ” इत्यादि तथा “ हे इंद्र ” इत्यादि

रूप्यादि .... ॥ ५३ ॥

हे इंद्र आगच्छागच्छ इंद्राय स्वाहा, इंद्रपरिजनाय स्वाहा, इंद्रानुचराय स्वाहा, अग्नये स्वाहा, अनिलाय स्वाहा, वरुणाय स्वाहा, सौमाय स्वाहा, प्रजापतये स्वाहा ओं स्वाहा भूः स्वाहा स्वः स्वाहा, ओं इंद्राय स्वगणपारिवृताय इदमर्घ्यं पाद्य गध पुष्प दीपं धूपं चरुं बलिं स्वस्तिकं यज्ञ-भाग च यजामहे प्रतिगृह्यता प्रतिगृह्यतामिति स्वाहा ।

रुक्मारु . . . ॥ ५४ ॥

हे अग्ने आगच्छागच्छ अग्नये स्वाहा.... .... ।

कल्पांताः . . ॥ ५५ ॥

हे यम आगच्छागच्छ यमाय स्वाहा .... ।

आरूढं . . . . ॥ ५६ ॥

हे नैऋत्य आगच्छागच्छ नैऋत्या स्वाहा .... ।

मंत्र बोलकर इंद्रको जल आदि अष्ट द्रव्य चढावे ॥ ५३ ॥ "रुक्मारु" इत्यादि तथा "हे अग्ने" इत्यादि बोलकर अग्निकुमारदेवोको जल आदि द्रव्य चढावे ॥ ५४ ॥ "कल्पांता" इत्यादि तथा "हे यम" इत्यादि बोलकर यमदेवको जल आदि चढावे ॥ ५५ ॥ "आरूढं" इत्यादि तथा "हे नैर्ऋत्य" इत्यादि बोलकर नैर्ऋत्य दिक्पालको अर्घ चढावे ॥ ५६ ॥

नित्यांभ ... . ॥ ५७ ॥

हे वरुण आगच्छागच्छ वरुणाय स्वाहा .. . . ।

वल्गच्छ.... .... ॥ ५८ ॥

हे पवन आगच्छागच्छा पवनाय स्वाहा.... .... ।

हंसौघे .... ॥ ५९ ॥

हे धनदागच्छागच्छ धनदाय स्वाहा . ... ।

साश्नावा. ... ... ॥ ६० ॥

हे ईशान आगच्छागच्छ ईशानाय स्वाहा . .... ।

वक्षौजस्तर्जिपृष्ठश्वसनसमतरः कूर्मराजाधिरूढं

क्षुद्रश्रीवेभकुंभाक्रमणचणसृणिस्फारणव्यग्रपाणिम् ।

"नित्यांभ" इत्यादि श्लोक तथा "हे वरुण" बोलकर वरुणको जल आदि द्रव्य चढावे ॥ ५७ ॥ "वल्गच्छं" इत्यादि तथा "हे पवन" इत्यादि बोलकर पवन कुमारको जल आदि द्रव्य चढावे ॥ ५८ ॥ "हंसौघे" इत्यादि तथा "हे धनद" इत्यादि बोलकर कुबेरको अर्घ चढावे ॥ ५९ ॥ "साश्नावा" इत्यादि तथा "हे ईशान" इत्यादि बोलकर ईशानको जलआदि आठ द्रव्य चढावे ॥ ६० ॥ "वक्षौज" इत्यादि तथा "हे धरणेंद्र"

सांश्लिष्टं दृक्सहस्राद्वितव्यघृणिफणारत्नरुक्प्रवाल-
भ्रमौघापीडमर्हंच्छ्रितपदि यमधीर्चामि पद्मासमेतम् ॥ ६१ ॥

हे धरणेंद्र आगच्छागच्छ धरणेंद्राय स्वाहा .. . ।

वैरिस्तंवेरमास्रोल्लसदरुणसटाटोपशुभ्रांगभीक्-—
द्वालेंदुस्पार्द्धिदंष्ट्रोत्क्रमखरनखरारक्तदृक् सिंहसंस्थम् ।
कुंताक्षं रोहिणीष्टं कुवलयसुमनः स्रक् श्रितां शंभयुक्तं
ज्योत्स्ना पीयूषवर्षं यज यजनपरं सोममर्घं महामि ॥ ६२ ॥

हे सोम आगच्छागच्छ सोमाय स्वाहा ... . ।

एवं सत्कृत्य दिक्पालानेभ्यो मंत्रैः पुनर्ददे । अप्कुंडे सप्तशः सप्तधान्यमुष्टिभिराहुतीः ॥६३॥

ओं आं क्रौं इंद्राय स्वाहा । अनेन जलपूर्णकुंडे सप्तमे सप्तधान्यमुष्टिभिरिंद्राहुतिं दद्यात् ।

इत्यादि बोलकर धरणेंद्रको अर्घ चढावे ॥ ६१ ॥ " वैरिस्तं " इत्यादि तथा " हे सोम " इत्यादि बोलकर सोम दिक्पालको जलआदि अष्ट द्रव्य चढावे ॥ ६२ ॥ " एवं " इत्यादि तथा " ओं आं " इत्यादि बोलकर जलसे भरे हुए कुंडमें सातवार सात धान्योंकी मुठी भरकर आहुतियां दे ॥ ६३ ॥ इसीतरह अग्नि आदिके कुंडमेंभी जानना। उसके बाद फिर

एवमन्याद्भ्योपि । अथ पुनस्तामेव प्रतिमां जिनमंत्रेण सप्तवारानभिमंत्र्याकरशुद्धिं विदध्यात् । जिन-मंत्रो यथा । ओं अर्हद्भ्यो नमः, पादानुसारिभ्यो नमः, कोष्ठबुद्धिभ्यो नमः, बीजबुद्धिभ्यो नमः । सावधानिभ्यो नमः, परमावधिभ्यो नमः, ओं ह्रौं वल्गु २ निवल्गु २ महाश्रवण । ओं ऋषभादिव-र्धमानेभ्यो वषट् वौषट् स्वाहा ॥ अथाभिषेकः ।

पूरं पूरमयस्तटावधिपय सिंधोपसृत्यामरै—
र्हस्ताहस्तिकयार्पितैर्गललुलन्मुक्ताफलस्रग्भरैः ।
श्रीखंडद्रवचर्चितैः परिदिनश्रीकर्मणा भर्मणात्
कृष्णैः साष्टसहस्रमानकलितैः कुंभैः सिताब्जाननैः ॥ ६४ ॥

आतोद्यध्वनिगीतमंगलरवैः सहर्षहर्षद्युतां
देवानां नटदप्सरोगणवपुः श्रीभिश्च कीर्णेंवरे ।
पार्श्वेन्द्रासनभासि पांडुकशिलासिंहासने प्राङ्मुखं
सौधर्मप्रमुखा निवेश्य जिनपं जन्मन्यसिंचत् किल ॥ ६५ ॥

उसी प्रतिमाको जिनमंत्रसे सातवार मंत्रित करके आकरशुद्धि करे । वह जिनमंत्र “ ओं अर्ह ” यहांसे लेकर “ स्वाहा ” तक है ॥ अब अभिषेक वर्णन करते हैं । “ पूरं ” इत्यादि तीन श्लोक पढकर कलशोंपर पुष्प अक्षत और जलको क्षेपण करे ॥६४।६५।६६ ॥ “गोवृषं”

धूलीपल्लवमंगलौषधिफलत्वग्मूलसर्वौषधी
